सुप्रभात रांची, गुरुवार 11.07.2024 * * नगर संस्करण । पेज : 16 आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 01

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

12 स्थापना दिवस

CCL

कोल इण्डिया Coal India

Fuelling Sustainable Growth

हमारा प्रयास : हितधारकों, ग्रामीणों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास




# सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम /कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

दरभंगा हाउस, राँची – 834001 (झारखण्ड)

CentralCoalfieldsLtd CCLRanchi centralcoalfieldsltd Central Coalfields Limited

# 41 लाख 44 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी 200 यूनिट फ्री बिजली, अगस्त से मिलेगा लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दो सौ यूनिट फ्री बिजली के संबंध में कैबिनेट से फैसला पारित है। ऐसे में अब राज्य के घरेलू शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जायेगी। कैबिनेट के प्रस्ताव के तहत योजना एक जुलाई से लागू की गयी है। जबकि इस संबध में तीन जुलाई को ऊर्जा विभाग की ओर से संकल्प जारी कर दिया गया है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो अगस्त महीने से मिलने वाले बिजली बिल पर 200 यूनिट फ्री बिजली का लाभ मिलेगा। कैबिनेट से पारित प्रस्ताव के अनुसार, राज्य में कुल घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 45,77,616 है। इनमें 41,44,634 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो 200 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करते हैं। इस पर हर माह सरकार को करीब 344.36 करोड़ रुपये खर्च करना होगा। सरकार उक्त राशि सब्सिडी के रूप में झारखंड बिजली वितरण निगम को उपलब्ध करायेगी। वहीं, रांची



जिले में पांच लाख 36 हजार 564 घरेलू उपभोक्ता हैं। इनमें 4.33 लाख उपभोक्ता हर माह लगभग 200 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करते हैं। इन्हें फ्री बिजली का लाभ मिलेगा। वहीं, बोकारो जिले में 1.91 लाख, देवघर में 1.89 लाख, धनबाद में 2.31 लाख, गिरिडीह में 3.01 लाख, दुमका में 1.91 लाख, हजारीबाग में 2.18 लाख व पूर्वी सिंहभूम में 54.72 हजार उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। मुफ्त बिजली योजना के तहत 200 यूनिट तक इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को एनर्जी चार्ज, फिक्स्ड चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि नहीं लगेंगे। जिन घरों में बिजली की खपत 200 यूनिट तक होगी। उनका बिल पूरी तरह माफ कर दिया जायेगा।

## कैसे मिलेगा लाभ

इस योजना का लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जो प्रति महीने 200 यूनिट बिजली उपभोग करेंगे। इससे अधिक बिजली उपभोग करने पर 6.65 प्रति यूनिट बिजली ली जायेगी। राज्य में इस समय कुल 58 लाख बिजली के उपभोक्ता हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ता को झारखंड का निवासी होना चाहिए, जो उपभोक्ता प्रति माह 200 यूनिट या उसे कम बिजली की खपत करते है, केवल वही योजना का लाभ उठा सकते हैं, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता योजना के लिए पात्र हैं। योजना का लाभ लेने के लिये अलग से किसी दस्तावेज की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिन लाभार्थियों के द्वारा प्रति माह बिजली की खपत 200 यूनिट या उसे कम होती है, उनका बिजली का बिल शून्य आयेगा। पर यदि 200 यूनिट से अधिक खपत होती है तो उन्हें बिजली बिल का भुगतान करना होगा।

## बन्ना ने मंत्री के रूप में पद संभाला, दिये निर्देश

**रांची।** कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता ने बुधवार को खाद्य आपूर्ति मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल ने मंत्री का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद बन्ना गुप्ता ने कहा कि यह विभाग सीधे जनता से जुड़ा है। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने वितरण प्रणाली को दुरुस्त करने की बात कही। साथ ही अनाज के वितरण में आ रही परेशानियों को त्वरित समाधान करने का भी आश्वासन दिया। मंत्री ने विभागीय योजनाओं की बिंदुवार जानकारी ली। बताते चलें कि इससे पहले 9 जुलाई मंगलवार को बन्ना गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया था।


NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA
NETARHAT
P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com
Website:www.netarhatvidyalaya.com

NOTICE INVITING TENDER

Enquiry No-1645 Dated-09.07.2024

Sealed Quotation's/ Tenders are invited from reputed Publishers/ Suppliers/Authorized Distributors /Authorized Dealers for the Purchase of different kinds of Books, Globes, Kindle/ Educational DVD/ CDs for the Library at Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Purchase of different kinds of books for the Library at Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Purchase of Text Books, Reference Books, NCERT Books, General Books, Globes, Kindle/ Educational Software DVD/ CDs. |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O- Netarhat, Via-Gumla, District- Latehar, PIN-835 218. (Jharkhand) |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 09.07.2024 at 10 A.M |
| 5. | Last Date and Time for Submission of Bids | 29.07.2024 at 11 A.M |
| 6. | Schedule for Opening Technical Bid of the Tender | 30 .07.2024 at 11.30 A.M |
| 7. | Schedule for Opening of Financial Bid of the Tender | 30.07.2024 at 11.30 A.M. |

Further details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
(Santosh kumar)
Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya
Netarhat

PR 329191 Human Resource Developement (24-25)_D


## कनहर बराज परियोजना में देरी से हाईकोर्ट नाराज

# मुख्य सचिव, वन सचिव, जल संसाधन सचिव और वित्त सचिव को किया तलब

### कोर्ट ने मौखिक कहा, वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने 5 साल में इस परियोजना को पूरी होने का टाइमलाइन दिया था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पलामू एवं गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना में देरी पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर कड़ी नाराजगी की जताई है। कोर्ट ने प्रथम पाली में मामले में मुख्य सचिव, जल संसाधन सचिव,वन सचिव और वित्त सचिव को कोर्ट में तलब किया। इसके बाद यह ये सभी अधिकारी कोर्ट में द्वितीय पाली में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने 5 साल में इस परियोजना को पूरी होने का टाइमलाइन दिया था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को कनहर बराज परियोजना पूरा करने को लेकर टाइम फ्रेम प्रस्तुत करने एवं कनहर बाराज के पूरा नहीं होने तक गढ़वा, पलामू के लोगों को लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। मामले के अगली सुनवाई अगले सप्ताह होगी। कोर्ट ने सरकार द्वारा कनहर बैराज पूरा करने के लिए 8 साल का समय मांगे जाने को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने सरकार के इस शपथ पत्र को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने मौखिक कहां कि वर्ष 2009 से कनहर परियोजना को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई वर्ष 2024 तक चल रही है, लेकिन राज्य सरकार कनहर बराज परियोजना को लेकर उदासीन बनी हुई है। झारखंड के पलामू, गढ़वा क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति वर्षों से देखी जा रही है लेकिन वहां सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कोई सकारात्मक कदम राज्य सरकार ने अब तक नहीं उठाया है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से आज शपथ पत्र दाखिल कर कनहर बराज परियोजना को पूरा करने को लेकर 8 साल का समय मांगा गया, जिस पर कोर्ट ने मौखिक कहा राज्य सरकार की ओर से बार-बार शपथ पत्र दाखिल किया जा रहा है लेकिन अब तक पर कनहर बराज परियोजना को लेकर कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। कनहर बराज परियोजना को पूरा करने को लेकर हाई कोर्ट गंभीर है। सरकार द्वारा वर्ष 2020 में इस परियोजना को 5 साल में पूरा करने का दावा किया गया था लेकिन यह दावा पूरा नहीं हुआ, जो इस बात का संकेत करता है कि राज्य सरकार कैसा काम कर रही है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार की ओर से पक्ष रखा। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार कनहर परियोजना को जल्द पूरा करना चाहती है, लेकिन इसमें छत्तीसगढ़ के साथ कुछ जमीन विवाद भी है। सरकार सभी आपत्तियों को जल्द दूर कर इस परियोजना को टाइम फ्रेम बनाकर जल्द पूरा कर लेगी।

## खबर एक नजर में

### सितंबर तक 30 हजार नियुक्ति का दावा सरकार का एक और जुमला मात्र है : सुदेश महतो

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सितंबर तक हेमंत सरकार द्वारा 30 हजार नियुक्ति देने के दावे को जुमला बताते हुए कहा कि प्रति वर्ष 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा कर जनादेश प्राप्त करने वाली सरकार, 5 सालों में मात्र 8287 नियुक्तियां देने में सफल रही है, जिनमें से 6426 नियुक्तियां पूर्व के रघुबर दास के सरकार में घोषित की गई थी। 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर आज चुनाव निकट आता देख सरकार द्वारा सितंबर तक 30 हजार नियुक्ति के लिए विज्ञापन छापना युवाओं को छलने के लिए एक और जुमला मात्र है। पिछले महीने पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन जी ने 40 हजार नौकरियां देने की बात कही थी पर कुर्सी बदलते ही कुछ ही दिनों में 10 हजार नौकरियां गायब हो गई। यह सरकार की युवाओं के प्रति संवेदनहीनता का एक और काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार नियुक्ति के नाम पर युवाओं की भावनाओं के साथ साथ उनके भविष्य से भी खिलवाड़ कर रही है। परीक्षा प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय चहिए जो इस सरकार के पास अब नहीं है। नई नियुक्ति की घोषणा करने से पहले सरकार को वैसे युवा जो अपनी पोस्टिंग और नियुक्ति पत्र के लिए सड़कों पर हैं उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए।

### वकील के घर डकैती की कोशिश, अपराधी सीसीटीवी में कैद

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में मंगलवार को अपराधियों ने झारखंड हाईकोर्ट के एडवोकेट सूरज किशोर प्रसाद के घर पर अपराधियों ने धावा बोला। अपराधियों ने घर में घुसकर डकैती करने की कोशिश की, लेकिन सूरज किशोर प्रसाद की मुस्तैदी से घटना टल गया। झारखंड हाईकोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में नियमित प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद के घर पर अपराधियों ने डकैती की कोशिश की। अपराधियों की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गयी। जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है। अधिवक्ता सूरज का घर धुर्वा में सेक्टर तीन में है। अपराधियों की आहट पाकर सूरज ने पीसीआर को फोन कर जानकारी दी. सूचना पाकर पीसीआर तुरंत उनके आवास पर पहुंची। पुलिस की गाड़ी देख सभी अपराधी भाग गये। घटना की लिखित जानकारी अधिवक्ता सूरज ने धुर्वा थाना पुलिस को दी है।

### आयुक्त ने 15 जुलाई तक छात्रवृत्ति राशि जारी करने का दिया निर्देश

**रांची।** दक्षिण छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने प्री और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि डीबीटी से हस्तांतरित करने का निर्देश दिया है। प्रमंडल के सभी डीईओ और डीएसई को सभी योग्य विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आयुक्त बुधवार को रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी और सिमडेगा के परियोजना पदाधिकारियों के साथ कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। योजनाओं का लाभ देने में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनता की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनें और उसका समाधान करें। आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जाति प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मियों -अधिकारी को निर्देश देने के लिए कहा, कहा कि वे अविलंब जाति प्रमाण पत्र निर्गत करें। इसके अलावा सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें। आयुक्त ने प्री/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, साईकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, वनाधिकार अधिनियम 2006, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, मांझी भवन, आदिवासी संस्कृति कला केंद्र ,धुमकुड़िया भवन निर्माण, सरना-मसना स्थल घेराबंदी निर्माण, बिरसा आवस योजना, छात्रावास मरम्मत, अनुसुचित जनजाति/अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम की समीक्षा की।

### कार्यकर्ता सालों भर पार्टी केलिये करता है संघर्ष : मरांडी

**रांची/बोकारो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को बोकारो विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान एवं विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही साल में 365 दिन साधना और संघर्ष करता है। कार्यकर्ता ही बूथों पर जूझता है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडी ठगबंधन ने भाजपा और एनडीए के खिलाफ दुष्प्रचार की पराकाष्ठा कर दी। संविधान बदलने, आरक्षण खत्म करने जैसी बातों का दुष्प्रचार किया। लेकिन, कार्यकताओं के अथक परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से देश तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी एलायंस के नेता इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को भाजपा पर भरोसा है। राज्य में जितने भी विकास कार्य दिखते हैं वे भाजपा सरकारों की देन है। उन्होंने कहा कि इंडी ठगबंधन ने तो केवल राज्य को लूटा है। उन्होंने कहा कि खान,खनिज, बालू, पत्थर सब लूट लिये। उन्होंने कहा कि जेपीएससी, जेएसएससी की एक भी परीक्षा इनके कार्यकाल में सफल नहीं हुई।सभी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार तीव्र विकास की कुंजी है। उन्होने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार बनाने के बाद झारखंड को विकसित झारखंड बनाने केलिये आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए सरकार बनाने का संकल्प लें।

### पूजा सिंघल से जुड़े मामले में दर्ज की गयी गवाही

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले मे पीएमएलए कोर्ट में गवाही दर्ज की गई। ईडी की ओर से मामले में बुधवार को ईडी के तत्कालीन उप निदेशक सुबोध कुमार की गवाही दर्ज की गई। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से जिरह भी किया गया। ईडी ने मामले में अब तक 14 गवाहों को प्रस्तुत कर चुकी है। गवाही के दौरान जेल में बंद पूजा सिंघल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति हुई थीं। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 12 जुलाई निर्धारित की है। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, राँची
दीन दयाल नगर, बूटी रोड, राँची- 834008

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं0–143AG के बेड़ो से कर्रा जाने वाली सड़क में स्थित नवाटोली नहर पुलिया (कि.मी. 49.600), बिरदा नहर पुलिया (कि.मी. 53.400), बिरदा नहर पुलिया (कि.मी. 54.600) एवं पहाड़ टोली नहर पुलिया (कि.मी. 56.700) की जर्जर स्थिति एवं वर्षा ऋतु को देखते हुये उक्त पथांश पर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाता है।

कृपया, अवागमन हेतु निम्नलिखित वैकल्पिक मार्ग का उपयोग किया जा सकता है:–

1. बेड़ो (NH-143AG)– नवाटोली (NH-143AG)– ककारिया (MDR-34) –फतेहपुर (MDR-34) – गोविन्दपुर (MDR-30) – कर्रा मार्ग (NH-143AG)।

असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल
राँची

PR 329144 Road (24-25)_D



कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग
जिला समाहरणालय, हजारीबाग–825301
Email Id–dsehazaribagh4@gmail.com

पत्रांक–1619 दिनांक–09.07.2024

अति अल्पकालीन निविदा संख्या–एम. डी. एम.–01/2024
(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, हजारीबाग)

हजारीबाग जिला अंतर्गत स्कूल डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखंडवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु दिनांक–25.07.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक जिला के सभी प्रखंडों के लिए निहित शर्तों के अनुसार निविदा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें हजारीबाग जिला के अधिकृत Website:–hazaribagh.nic.in एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
हजारीबाग

PR 329247 School Education and Literacy(24-25).D



पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी।
(Court of S.D.J.M, Khunti में उपस्थित होने हेतु सूचना)

फिरार प्राथमिकी अभियुक्त–सामुएल गुड़िया, पे0–चपवा गुड़िया, ग्राम–जलासर, थाना–बंदगांव, जिला–पश्चिमी सिंहभूम। आप के विरूद्ध तपकरा थाना काण्ड सं0–19/23, दिनांक–02.09.23 धारा–25(1-A)/25(1-B)a,/25(6)/26/35 ARMS ACT & 17 CLA ACT दर्ज है, जिसमें आप के विरूद्ध फिरार रहने के कारण द0प्र0सं0–82 के तहत इश्तेहार को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सक्षम न्यायालय माननीय Court of S.D.J.M, Khunti के समक्ष दिनांक–26.07.24 तक आत्मसमर्पण करें। अन्यथा आप के विरूद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, तपकरा – 9798878104
डी0सी0बी0, श्शाखा, खूँटी – 6206420190

पुलिस अधीक्षक,
खूँटी।

PR 329253 Police(24-25)D


# कांके रिसॉर्ट, ब्लॉक में इडी की दबिश, कागजात खंगाला

### जमीन खरीद- बिक्री से संबंधित दस्तावेज जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में इडी दबिश दी। फरार जमीन कारोबारी कमलेश कुमार से जुड़े मामले में एजेंसी कांके के रिसॉर्ट और कांके ब्लॉक में सर्च कर रही है। दस से ज्यादा वाहनों में सवार इडी की टीम कांके में कई स्थानों पर कागजात खंगाला।

**कमलेश से जुड़ा है मामला**

फरार चल रहे कमलेश कुमार के द्वारा कई जमीनों का नेचर बदलकर उसे बेचे जाने की शिकायत पूर्व में भी दर्ज की गई थी। इस मामले में कांके के ब्लॉक ऑफिस की भूमिका भी काफी संदिग्ध रही है। एजेंसी के अधिकारियों ने कांके स्थिति चामा के ग्रामीणों से भी जमीन को लेकर उनका बयान दर्ज किया है। कमलेश कुमार के द्वारा फर्जी डीड बनाकर कई ग्रामीणों की जमीन बेच दी गई है। इस मामले में एजेंसी के द्वारा ग्रामीणों का बयान दर्ज किया गया है। कांके रिसॉर्ट भी कमलेश कुमार का पार्टनरशिप में ही बताया जाता है। वहां भी ईडी की टीम ने अपनी दबिश दी है।

**शेखर कुशवाहा के बयान पर कार्रवाई :** फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने वाले सिंडिकेट से जुड़े शेखर कुशवाहा ने कमलेश कुमार के द्वारा बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कांके इलाके में कई जगहों पर जमीन के फर्जी दस्तावेजों के सहारे इसे हड़पने की जानकारी दी थी। मामला सामने आने के बाद जून महीने में इडी ने समन कर कमलेश कुमार को रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन बजाय इडी के समन पर उपस्थिति के कमलेश फरार हो गया। 21 जून की दोपहर 12 बजे इडी की टीम कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्ट्रो ग्रीन स्थित फ्लैट पहुंची थी। इडी की टीम मौके पर पहुंची थी लेकिन टीम के पहुंचने के ठीक पहले कमलेश वहां से निकल गया था। स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में इडी ने फ्लैट को सर्च करने के दौश्रान एक करोड़ रूपये नकद और सौ जिंदा कारतूस बरामद किया था।

**पुलिस हाउसिंग के नाम पर जमीन बेची, कांके रिसॉर्ट में भी हिस्सेदारी :** कमलेश कुमार पूर्व में कांके में बीएयू की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में जेल जा चुका है। कांके पुलिस ने इस मामले में उसे जेल भेजा था। जानकारी के मुताबिक, गैर मजरूआ जमीन के दस्तावेजों में हेरफर कर कमलेश ने राज्य के कई पुलिस अफसरों को भी जमीन बेची थी। इसमें पूर्व डीजीपी डीके पांडेय से जुड़ा मामला काफी चर्चित रहा था। कमलेश के खिलाफ गोंदा थाने में भी ठगी का केस दर्ज है।

**कैसे मिली कमलेश की संलिप्तता की जानकारी**

इडी ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले सिंडिकेट के प्रियरंजन सहाय, शेखर कुशवाहा समेत अन्य आरोपियों के मोबाइल में कमलेश से चैट की बरामदगी की थी। जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आदान प्रदान के साक्ष्य इडी को मिले थे। इसके बाद इडी ने कमलेश कुमार को समन भेजकर बुलाया था। सूत्रों की मानें तो इडी कांके रिसॉर्ट में जाकर उसके सभी कागजातों व दस्तावेजों को जब्त किया है।


RANCHI MUNICIPAL CORPORATION, RANCHI
(Engineering Section)
Kutchery, Pin & 834001 ,e-mail :- support@ranchimunicipal.com

Letter No: 194/Eng Date:- 09-07-2024

Short Notice Inviting Tender

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Tender Inviting Officer | :- Executive Engineer, RMC, Ranchi |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | :- 11-07-2024 |
| 3. | Last date/Time for receipt of online bids | :- 11-07-2024 to 19-07-2024 Up to 5.00 P.M. |
| 4 | Date/Time of Opening bid | :- 20-07-2024 Up to 12:00 P.M |
| 5. | Helpline number | :- 8825391957, 7470122222 |

| Sl. No. | Ward No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of Bid Document by D.D (Rs.) (non-refundable) ( Through online Payment gateway of Jharkhan tenders. gov.in) | Earnest Money (In Rs.) ( Through online Payment gateway of Jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 17 | Construction of RCC Drain at Sahay Compound infront of Justice A.K. Sinha house to HB road under ward No-17 | 1050762 | 5900 | 21100 | 70 Days |

*Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) in to be Paid through online mode as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter No-120, Dated 03.10.2023 and UDHD Gov. Jharkhand Letter No-4847, Dated 11.10.2023
1.अभियंत्रण शाखा अन्तर्गत क्रियान्वित किये जा रहे योजना का कार्य मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के पंजीकृत (Empanelled) श्रमिकों से कराना सुनिश्चित करेंगे।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
Ranchi Municipal Corporation,Ranchi

PR 329208 Ranchi Municipal Corporation(24-25).D



### झारखंड दिवस पर टी-शर्ट और टॉफी बांटने का मामला

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पीई की रिपोर्ट और प्रधान महालेखाकार से मांगी ऑडिट रिपोर्ट

## राज्य सरकार ने बताया, फाइनेंशियल लॉस नहीं हुआ है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य की तत्कालीन रघुवर सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2016 में राज्य स्थापना दिवस पर टी शर्ट और टॉफी बांटने से संबंधित पंकज कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज पीई (प्रारंभिक जांच) की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। वही कोर्ट ने झारखंड के प्रधान महालेखाकार से इसकी ऑडिट की रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने एसीबी की पीई की रिपोर्ट एवं प्रधान महालेखाकार,



झारखंड की इस संबंध में ऑडिट रिपोर्ट को कोर्ट की रिकॉर्ड में लाने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि इस मामले में फाइनेंशियल लॉस नहीं हुआ है। इससे पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने फरवरी 2022 में पीई दर्ज की थी, सरकार कहती है कि पीई जांच पूरा कर लिया गया है। ऐसे में इसे कोर्ट के समक्ष लाया जाना चाहिए।

**क्या है मामला :** वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के पहले 13- 14 नवंबर 2016 को सरकारी स्कूली बच्चों को बांटने के लिए साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये की टॉफी खरीदी की गयी। उसके अगले दिन ही 15 नवंबर को राज्य भर के 10 हजार स्कूलों में बच्चों के बीच इसका वितरण कर दिया गया। प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर इस पर सवाल उठाया है।

प्रार्थी का कहना है कि वर्ष 2016 में स्थापना दिवस समारोह के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ था, जिसमें से साढ़े तीन करोड़ की टी शर्ट और 33 लाख रुपये से टॉफी खरीदी गयी थी। लल्ला इंटरप्राइजेज जमशेदपुर और कुदू फैबरिक्स को आपूर्ति का काम मिला था। टी शर्ट और टॉफी की आपूर्ति उन्होंने 13-14 नवंबर 2016 को की। इसके अगले दिन ही इसे राज्य भर के 10 हजार स्कूलों के बच्चों में बांट देना सत्यता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता. इसकी जांच करायी जानी चाहिए।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

12 स्थापना दिवस

## न्यूज डायरी

### बिहार-दिल्ली बस कंटेनर में घुसी, 18 की मौत

**उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार की सुबह बिहार से दिल्ली जा रही प्राइवेट स्लीपर बस दूध के कंटेनर को चीरते हुए उसमें घुस गयी। इसमें बस सवार 18 की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि, 19 यात्री घायल हो गये। हादसे का मंजर देख रेस्क्यू टीम में जुटे कर्मचारी भी सहम उठे। सड़कों पर लाशें बिखरी पड़ी थीं। चारों तरफ चीखने की आवाजें आ रही थीं। मृतकों में शामिल दस लोग बिहार के हैं।

### कांके रिसोर्ट और ब्लॉक में कर इडी की छापामारी

**रांची।** इडी ने जमीन के अवैध कब्जा मामले में कार्रवाई तेज कर दी है। प्रर्वतन निदेशालय की टीम बुधवार को जमीन कारोबारी कमलेश कुमार से जुड़े मामले में जांच के लिए रांची के कांके स्थित चामा गांव पहुंची। टीम ने ग्रामीणों से पूछताछ की।

### राज्यसभा में भाजपा के सचेतक बने दीपक प्रकाश

**रांची।** झारखंड से भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश राज्यसभा में भाजपा के सचेतक बनाये गये हैं। नयी जिम्मेदारी दिये जाने पर दीपक प्रकाश ने पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि नये दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। वह कई पद पर भी रह चुके हैं।




## भारत निर्वाचन आयोग की टीम पहुंची रांची

# झारखंड विस चुनाव को लेकर आज पतरातू में मंथन

### समय से पूर्व चुनव संभव है या नहीं इस पर भी होगी चर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को पतरातू में समीक्षा बैठक करेगी। चुनाव आयोग की टीम बुधवार की शाम रांची पहुंची। चुनाव आयोग की टीम में वरीय उपनिर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरीय उपनिर्वाचन आयुक्त नितेश कुमार व्यास और प्रधान सचिव अरविंद आनंद शामिल हैं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एसपीएनओ अमोल वी होमकर, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ रांची जिला के वरीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

**आज समीक्षा**

ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि झारखंड में विधानसभा का चुनाव महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ हो सकता हैं। राज्य में समय से पहले विधानसभा का चुनाव होगा या नहीं, गुरुवार की बैठक में इस पर भी फैसला हो सकता है। पतरातू डैम में चुनाव आयोग के पदाधिकारी इस पर मंथन करेंगे। पतरातू पर्यटन विहार स्थित सभागार में झारखंड में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत चल रहे कार्यों को लेकर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की जायेगी। (शेष पेज 15 पर)

### सभी डीसी के साथ बैठक करेगी टीम

चुनाव आयोग की टीम झारखंड के सभी 24 जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक करेगी और उनसे रिपोर्ट लेगी। इसके बाद टीम आकलन करेगी कि झारखंड में समय से पहले विधानसभा चुनाव कराया जा सकता है या नहीं। फिर चुनाव आयोग की टीम अपनी अनुशंसा चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों को सौंपेगी।

# कल 1500 पीजीटी शिक्षकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र देंगे सीएम

### शिक्षकों को देंगे तोहफा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 12 जुलाई को 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित ( पीजीटी) शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। राजधानी के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में दोपहर आयोजित कार्यक्रम में हेमंत सोरेन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता और शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।



### तीन जुलाई को टल गया था समारोह

पहले तीन जुलाई को रांची के प्रभात तारा मैदान में तत्कालीन सीएम चंपाई सोरेन द्वारा 1500 प्लस टू शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जाना था, लेकिन यह समारोह स्थगित कर दिया गया था। झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अपरिहार्य कारण का हवाला देते हुए इस समारोह को स्थगित कर दिया था। झारखंड में 2022 में 3120 प्लस टू शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गयी थी। पहले चरण में करीब 1000 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। दूसरे चरण में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह टल गया था, इसके बाद अब 12 जुलाई को पीजीटी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपने की तैयारी की जा रही है। (शेष पेज 15 पर)

### सीएम ने सुनी समस्याएं दिया समाधान का भरोसा

मुख्यमंत्री हेमंत से बुधवार को आम जन से मुलाकात की। लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। जनता के हित में हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं उचित एवं त्वरित समाधान होगा। इस अवसर पर लोगों ने हेमंत को मुख्यमंत्री पद दोबारा संभालने पर बधाई दी।

## संघ के विस्तार व शताब्दी वर्ष पर होगी चर्चा

# तीन दिनी बैठक कल से मोहन भागवत भाग लेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत रांची पधार चुके हैं। संघ की विचारधारा वाले संगठनों के लगभग 250 सदस्यों के साथ वे बैठक करेंगे। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि मई-जून में आयोजित प्रशिक्षण शिविरों के बाद प्रांत प्रचारकों की वार्षिक बैठक हो रही है। बैठक में प्रशिक्षण शिविरों की रिपोर्ट और समीक्षा को लेकर विचार-विमर्श किया जायेगा। सरला बिरला यूनिवर्सिटी में शुक्रवार से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तीन दिनी अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक शुरू होगी। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत खास तौर



से हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर देश हित की कार्ययोजना बनायी जायेगी। संगठन के विस्तार और शताब्दी वर्ष समारोह सहित कई मुद्दों पर भी चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि देश में संघ की 73,000 शाखायें संचालित हो रही हैं। इसे देश के सभी मंडलो में एक लाख तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि नये खेलों का निर्माण किया गया है। (शेष पेज 15 पर)

### पहले उठी बहन की डोली फिर उठी भाई की अर्थी

**गिरिडीह।** बगोदर में बहन की डोली उठने के बाद भाई की अर्थी उठी। देर रात में बहन की शादी थी और उसी दिन करंट की चपेट में आने से राहुल पांडेय की मौत हो गयी। घटना के बारे में बताया जाता है कि चौधरीबांध निवासी राहुल पांडेय जो कि अपनी चचेरी बहन की शादी कार्यक्रम को लेकर घर में ही खाना बना रहा था।

उसी जगह से एलटी लाइन होकर गुजरा हुआ था। इसी दौरान राहुल पांडेय एलटी बिजली करेंट तार के चपेट में आ गया। इधर घटना के बाद लोगो ने किसी तरह बिजली काट कर उसे बचाया। करेंट से झुलसे युवक को आनन फानन में इलाज के लिए बाहर ले जाया जा रहा था, पर उसकी मौत हो गयी। युवक शादी शुदा था और अपने पीछे पत्नी और दो बच्चो समेत हसता खेलता परिवार छोड़ गया।

# आतंकवाद पर ऑस्ट्रिया में मोदी का कड़ा प्रहार

**विएना (एजेंसी)।** पीएम मोदी एक दिवसीय दौरे पर बुधवार को ऑस्ट्रिया पहुंचे। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वैन डेर बेलेन के साथ बैठक की। बाद में ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ संयुक्त वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की और आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। संयुक्त वार्ता को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, भारत और ऑस्ट्रिया, आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं जायेगा। आतंकवाद को किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं हो सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में बदलाव के लिए सहमत हैं, ताकि उन्हें मजबूत बनाया जाए। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति हो, सभी पर हमने विस्तार से बात की। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता। कहीं भी हो, मासूम बच्चों की मौत स्वीकार्य नहीं है। हम शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए वार्ता और कूटनीति पर जोर देते हैं। इसके लिए हम दोनों मिलकर हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं।

**मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष :** पीएम मोदी ने आगे कहा, मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरूआत में ही मुझे ऑस्ट्रिया आने का मौका मिला। मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। 41 वर्ष के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रिया का दौरा है। यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय हो रही है, जब हमारे आपसी संबंधों के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में आपसी विश्वास हमारे संबंधों की नींव हैं। आपसी विश्वास से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने फैसला लिया कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।

**पीएम मोदी का आपसी सहयोग पर जोर :** पीएम मोदी ने आगे कहा, आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया है। यह केवल आर्थिक सहयोग और निवेश तक सीमित नहीं है। ढांचागत विकास, नवाचार, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन, जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन और क्वांटम जैसे क्षेत्रों में एक दूसरे के सामर्थ्य को जोड़ने का काम किया जाएगा। दोनों देशों की युवा शक्ति और विचारों को जोड़ने के लिए स्टार्ट अप को गति दी जाएगी।

### जिमबाब्वे को हार भारत ने 2-1 की बढ़त बनायी

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया ने जिमबाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में 23 रन से जीत हासिल कर 5 टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 की लीड ले ली है। हरारे के मैदान पर खेले गये मुकाबले में भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी थी। गिल ने 49 गेंदों पर 66, जयसवाल ने 27 गेंदों पर 36 तो ऋतुराज गायकवड़ ने 28 गेंदों पर 49 रन बनाकर स्कोर 182 तक पहुंचा दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी जिमबाब्वे की टीम को डिनो मायर्स का ही सहयोग मिला। मायर्स ने 49 गेंदों पर 65 रन बनाये लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाये। वाशिंगटन सुंदर ने 4 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लीं। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले अभिषेक शर्मा भी सिर्फ 10 रन बनाने के बाद रजा की गेंद पर मरुमानी को कैच दे बैठे। गिल और गायकवाड़ ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया।

JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY
(Established by the Government of Jharkhand & Recognized as per Jharkhand Act, 12, 2021)



शुभकामना-संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि
खबर मंत्र दैनिक समाचार पत्र
का 11 वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है
इस शुभ अवसर पर हमारी यह कामना है कि यह समाचार पत्र दिन-प्रतिदिन निरंतर आगे बढ़े और अपनी कार्य कुशलता से पूरे देश का प्रतिबिम्ब बने।

कुलपति
झारखण्ड राज्य खुला विश्वविद्यालय
रांची

Address: Jharkhand State Open University, Opp. college of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi, Pin-834006
Phone : 9631331471 | Email.tnsahu116@gmail.com

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं पति से गुजारा भत्ता की हकदार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** एक मुस्लिम व्यक्ति ने निचली अदालत (फैमली कोर्ट) के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने उस व्यक्ति को अपनी तलाकशुदा पत्नी को अंतरिम गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। इस याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ में बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने उसकी याचिका को यह कहकर खारिज कर दिया कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। महिला अपने पति के खिलाफ याचिका दायर करने की हकदार है।

कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा। न्यायमूर्ति नागरत्ना और न्यायमूर्ति मसीह ने अलग-अलग लेकिन सहमति वाले फैसले सुनाये। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि हम इस प्रमुख निष्कर्ष के साथ आपराधिक अपील को खारिज कर रहे हैं कि धारा 125 सभी महिलाओं पर लागू होगी, न कि केवल विवाहित महिलाओं पर। बेंच ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि अधिनियम की धारा 3 एक गैर-बाधा खंड से शुरू होती है। इस प्रकार यह धारा 125 सीआरपीसी के तहत पहले से ही



प्रदान की गयी व्यवस्था के विपरीत नहीं है, बल्कि एक अतिरिक्त उपाय है। न्यायमूर्ति मसीह ने कहा कि यह अधिनियम रोक नहीं लगाता है।

यह उस व्यक्ति की पसंद है, जिसने 125 के तहत आवेदन किया था। 1986 के अधिनियम के तहत कोई वैधानिक प्रावधान प्रदान नहीं किया गया है, जो कहता है कि 125 बनाये रखने योग्य नहीं है। इस पर सहमति जताते हुए न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि 1986 के कानून में ऐसा कुछ भी नहीं था, जो एक उपाय को दूसरे के पक्ष में रोकता हो।

### क्या है सीआरपीसी की धारा 125

सीआरपीसी की धारा 125 में पत्नी, संतान और माता-पिता के भरण-पोषण को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी है। इस धारा के अनुसार पति, पिता या बच्चों पर आश्रित पत्नी, मां-बाप या बच्चे गुजारे-भत्ते का दावा केवल तभी कर सकते हैं, जब उनके पास आजीविका का कोई और साधन उपलब्ध नहीं हो।

TATA STEEL
#WeAlsoMakeTomorrow
TATA






हरियाली भरे कल का रास्ता
पुनर्प्रयोग से है जिसका वास्ता

लेकिन #कल भी हम बनाते हैं

एनएच 33 (पैकेज IV), रांची - जमशेदपुर

www.tatasteel.com

# राज्य सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त : डॉ नीरा

■ भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का आयोजन

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का अयोजन बुधवार को शहर के रिद्धि-सिद्धि होटल परिसर में किया गया। सभा में लोक सभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ कार्यकर्ताओं को मुख्य अथितियों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही 2024 में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जिताने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता व संचालन सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया।

**कैसे हुई कार्यक्रम की शुरुआत :** कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड सरकार की पूर्व शिक्षामंत्री व कोडरमा विद्यायक डॉ नीरा यादव, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी कार्यक्रम के संयोजक व भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

**क्या बोलीं मुख्य अतिथि :** मौके पर मुख्य अतिथि सह कार्यक्रम प्रभारी डॉ नीरा यादव ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। इसे बनाने में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है। जो सत्ता के बजाय राष्ट्रहित के लिए संघर्ष करते हैं। जिस तरह लोकसभा चुनाव में जीत हुई है उसी तरह विधानसभा चुनाव में अपनी ताकत झोंक कर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनानी है। डॉ नीरा ने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचारियों और लुटेरों की सरकार है जो झारखंड को लूट रही है।

## झारखंड की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हो जायें भाजपा कार्यकर्ता : बीडी राम

**भाजपा कार्यकर्ता देश हित में करते हैं संघर्ष :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद वीडी राम ने कहा कि भाजपा जो कहती वह पूरा जरूर करती है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के कार्यकर्त्ता सिर्फ परिवारवादी पार्टियों के लिऐ कार्य करती है। जबकि भाजपा के कार्यकर्ता देशहित के लिए संघर्ष करते है। उन्होंने लोक सभा चुनाव में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफ की अब बारी हैं इस निरकुंश सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकना, लोगों से आह्वान किया। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विनोद कुमार सिंह, अशोक सिंह, कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, राम प्रवेश सिंह, रामेश्वर राम, संतोष सिंह आदि नेताओं ने भी अपने अपने विचारों से कार्यकर्ताओं संबोधित किया।

**कार्यक्रम में जो थे उपस्थित :** मौके पर उर्दवार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, कमलेश कुमार सिंह, प्रशांत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, उमेश चंद्र शिव, नीरज सिंह, संजय मेहता, बल्लू बलराम, रंजीत पासवान, महिला अध्यक्ष तृप्ति सिंह, कुसुम सिंह, उदय विश्वकर्मा, राजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, महेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पप्पू पासवान, छोटू अग्रवाल, राजेश कर्ण, शत्रुघ्न सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।




कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते और संबोधित करतीं मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव।

अनुसूचित जाति के आरक्षण को लेकर पूर्व सांसद घूरन राम आक्रोशित, बोले

# अनुसूचित जाति के आरक्षण की विरोधी है राज्य की महागठबंधन की सरकार

■ रोस्टर में सुधार कर अनुसूचित जाति को आरक्षण दे नहीं तो होगा उग्र आंदोलन : घूरन राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चौकीदारों की बहाली में अनुसूचित जाति को मौका नहीं मिलने पर पलामू के पूर्व सांसद बीजेपी नेता घूरन राम ने कड़ा विरोध जताया है। बुधवार को सर्किट हाउस में इस सिलिसिले में पूर्व सांसद ने पत्रकारों को संबोधित किया। मौके पर सुजीत पासवन और कुमार गौरव मौजूद थे। प्रेस वार्ता में घूरन राम ने कहा कि चौकीदार बहाली को लेकर निकाले गए विज्ञापन में रोस्टर तैयार करने को लेकर भारी त्रुटि की गयी है। अनुसूचित जाति को बहाली से बाहर कर दिया गया है। यह अजा के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। यह पहला मौका नहीं है, जब झारखंड की महागठबंधन सरकार ने अनुसूचित जात को छलने का काम किया है। हमेशा यह सरकार अनुसूचित जाति को भूल जाती है। आखिर अनुसूचित जाति को लेकर ही भूल क्यों होती है? रोस्टर में सुधार लाकर अनुसूचित जात को आरक्षण देना होगा नहीं तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जायेगा। उपायुक्त से भी मिलकर बात रखी जायेगी।



आरक्षण के मुद्दे पर पत्रकारों को संबोधित करते पूर्व सांसद व अन्य।

**...और क्या बोले पूर्व सांसद :** उन्होंने कहा कि जनसंख्या के अनुसार सभी जाति को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। हम इसके पक्षधर हैं, लेकिन अनुसूचित जाति को बहाली से बाहर कर देने पर बरदाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार केवल बहाली के मामले में ही नहीं कैबिनेट विस्तार में भी अनुसूचित जाति के साथ भेदभाव करती है। पिछली कैबिनेट विस्तार के समय बैजनाथ राम को मंत्री पद देते देते मायूस कर दिया था। यह अनुसूचित जाति के साथ भेदभाव का सबसे बड़ा उदाहरण है। झारखंड सरकार की कथनी और करनी में काफी अंतर रहता है। आरक्षण की दुहाई दी जाती है, लेकिन समय आने पर दरकिनार कर दिया जाता है। उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्रीय कैबिनेट में भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति से आने वाले 10 लोगों को मंत्री पद देकर सम्मान दिया है। यह सरकार सबका साथ-सबका विश्वास सबको सम्मान देने के अपने वादे पर पूरी तरह से खरा उतरती है। प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा नेता सुजीत पासवान व कुमार गौरव भी उपस्थित थे।

## खबरें गढ़वा की

### वज्रपात से बैल की मौत

**कांडी।** थाना क्षेत्र के महुली निवासी प्रभु साह का एक बैल वज्रपात से मर गया। घटना बुधवार करीब पौने तीन बजे दिन की है। दोनों बैल एक ही रस्सी में बंधे खेत में चर रहे थे कि उसी दौरान ठनका गिरा और एक बैल की मौत हो गयी। जबकि एक आंशिक रूप से घायल है।

### अवैध बालू लदा टिपर की जब्त

**रमना।** बुधवार को रमना पुलिस ने अवैध बालू कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक टिपर (जेएच-14 के 4594) को जब्त किया। जिससे बालू माफियाओं में खलबली मच गयी है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश की अनदेखी कर प्रखंड में अवैध बालू बिक्री प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम हो रही है। इस अवैध कारोबार की खबर दैनिक समाचार पत्र ने उठाया था। जिस पर कार्रवाई की है।

### मां की 10वीं पुण्यतिथि पर 300 लोगों में राशन और अंग वस्त्र का वितरण



**मझिआंव।** केंद्रीय सलाहकार जोनल मेंबर सह यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के युवा नेता रामाशीष यादव की मां एवं जेपी यादव की धर्मपत्नी स्व मन्ना देवी की 10वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत जेपी यादव ने पुण्य स्थल पर स्थापित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके पश्चात लगभग 300 गरीब, मजदूर एवं असहाय लोगों के बीच राशन एवं अंग वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्याम राज यादव, सुरेश यादव, उमेश यादव, केवल यादव, मनोज यादव, मिथिलेश यादव, कमलेश यादव, उप मुखिया कर्मदेव यादव सहित समस्त यादव परिवार थे।

### बुजुर्ग महिलए के लिए किया रक्तदान




**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा ने सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान किया। अविनाश कुमार ने पीड़ित बुजुर्ग महिला के लिए रक्तदान किया। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि एक पीड़ित बुजुर्ग महिला को ए पॉजिटिव रक्त की जरूरत की सूचना मिली थी। जिसके बाद अविनाश से संपर्क कर रक्तदान कराया गया। मौके पर शुभम केशरी, संजय केशरी, बाला केशरी, अंशु कांस्यकार समेत कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

### 350 सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर आवेदन पत्र आमंत्रित

**गढ़वा।** एसआईएस में अधिकारी सेवा की भर्ती के लिए 15-16 जुलाई को 350 सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। चयनित होने पर प्रशिक्षण के दौरान ही प्रारंभिक वेतन 27500 रुपये से शुरू होगा। पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के ग्रेजुएट बेरोजगार युवकों को सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर बहाल करने की चयन प्रक्रिया 15 और 16 जुलाई को एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र बेलचंपा, गढ़वा और एसआईएस, डाल्टनगंज एसबीआई एडीबी के पास जेलहाता ऑफिस में होगी।

### झारखंड में भी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के दम पर बनेगी भाजपा की सरकार



**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की ओर से 12 जुलाई को श्री बंशीधर नगर में अभिनंदन विजय संकल्प सभा करेगी। उक्त जानकारी विधायक भानु प्रताप शाही ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। विधायक ने बताया कि डाक बंगला परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम होंगे। उन्होंने कहा कि इसमें कार्यकर्ता सम्मानित होंगे। साथ ही विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने का संकल्प भी लिया जायेगा।

# गांव में पली बढ़ी हूं, घटना की पीड़ा समझ सकती हूं : अरुणा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर भंडरिया मुखिया विनय सिंह के घर बरखी में शामिल हुए। उन्होंने अपनी संवेदना प्रकट की। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले मुखिया विनय सिंह के भाई एवं भतीजे का एक दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। साथ ही मुखिया एवं उनकी धर्मपत्नी गंभीर रूप घायल हुई थी जो आज भी अस्वस्थ है। महापौर की इस दुख की बेला में पीड़ित परिवार से मिलने पर सभी स्थानीय लोगों ने सराहा और कहा कि इतने बड़े घर की महिला होकर गांव गांव तक जाकर सबों के सुख-दुख में शामिल हो रही है जो दूसरों के लिए सबक है। इस अवसर पर गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, विनय जायसवाल, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता वगैरह काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा कि मैं गांव में पली बढ़ी हूं इसलिए गांव के सुख-दुख को समझ सकती हूं।




शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाने पहुंचीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर व उपस्थित अन्य।

शिव शिष्य परिवार के साथ विधायक डॉ शशिभूषण ने लगाये पौधे

# एक पेड़ सौ पुत्र के समान, इसे लगाकर बचायें: डॉ शशिभूषण

■ पौधा लगाना नहीं बचाना प्राथमिकता : रवि शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बुधवार को नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के नौडीहा पंचायत के ग्राम कोईरीपतरा में शिव शिष्य परिवार के धनंजय राय के नेतृत्व में मेघा डाल्टन के साथ पौधा रोपण किया।

मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि आज गांव गांव में वृहत स्तर पर पौधारोपण जरूरी हो गया है। इससे न सिर्फ पर्यावरण की रक्षा होंगी बल्कि आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। बिधायक ने कहा कि जिस प्रकार बुढ़ापे में पुत्र माता पिता व अपने परिवार का सहारा बनता है ठीक उसी प्रकार वृक्ष भी परिवार को आर्थिक सहयोग कर उनकी समस्या में कम करने मे सहायक होता है। विधायक ने कहा कि एक वृक्ष को सौ पुत्रों के बराबर माना गया है। डॉ मेहता ने लोगों से अपने घरों खेतों व गांव गांव में वृहत स्तर पर पौधरोपण कर उन्हें देख रेख करते हुए बचाने की अपील की।



पौधरोपण करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता व अन्य।

## लोक अदालत में 30 हजार से अधिक मामले का होगा निस्तारण : पीडीजे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश पर 13 जुलाई शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने दी। वे बुधवार को अपने कार्यालय वेश्म में पत्रकारों से मुखातिब थे। मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में 30 हजार से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गयी है। बीते राष्ट्रीय लोक अदालत में 26 हजार 432 मामले का निस्तारण किया गया था। इस बार यह आंकड़ा 30 हजार पार होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस बार फैमिली मेटर व एम ए सी टी केस को ले विशेष फोकस किया गया है।

## हर व्यक्ति पौधा लगायें व पेड़ बनने तक करें उसका देखभाल : आयुक्त

■ बसना के सहदेव फार्म हाउस में किया गया पौधा का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नावा बाजार, पलामू।** प्रखंड के बसना गांव में बुधवार को रेलवे में कार्यरत बीएम पांडेय के द्वारा बसना के सहदेव फार्म हाउस में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने भाग लिया। आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने ग्रामीणों के बीच पपीता, नींबू, आंवला, कटहल, महुगनी आदि फलदार, छायादार व इमारती पौधों का वितरण किया गया। मौके पर आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में पौध-रोपण किया जा रहा है। उन्होंने आम जन से अपील की है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगायें।



### मृतक के परिजनों से मिले सांसद बीडी राम



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के एकवनी में राजकुमार राम की पुत्री गीतांजलि की मौत पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना था कि गांव की ट्रांफार्मर खराब है। जिससे उसमें 440 वोल्ट के बदले 11 हजार प्रवाहित हो जाता है, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने विभाग को की थी। ग्रामीण रिद्धि सिद्धि होटल के अभिनंदन सह विजय संकल्प कार्यक्रम में उपस्थित सांसद बिष्णु दयाल राम से जांच व क्षतिपूर्ति की मांग की। सांसद ने जांच कर मुआवजा दिलाने की बात कही। मौके पर विनय मेहता, मृत्यंजय गिरी,मंटू गिरी,बबलू गिरी, राजकिशोर शर्मा आदि मौजूद थे।

### ममता भुइयां ने किया उताकी पंचायत का दौरा



**पाटन पलामू।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता ममता भुइयां ने पाटन प्रखंड के उताकी पंचायत का दौरा कर लोगों का हालचाल जाना। साथ ही वहां के लोगों से आशीर्वाद प्राप्त किया। ममता ने लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए लोगों को बधाई दी। वहीं राजद नेता ने सलैया टांड़ एवं बघबर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के बीच पुस्तक का वितरण किया। मौके पर पाटन राजद प्रखंड अध्यक्ष रहमतुल्लाह अंसारी, जयशंकर ठाकुर, विजय सिंह, सुरेंद्र राम, सुरज राम, उपमुखिया अनील राम, चौधरी सिंह चेरो, रविन्द्र भुइयां, रोहित भुइयां भी थे।

### वंचित छात्राओं को भी साइकिल दे सरकार : डॉ मेहता



**तरहसी पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने तरहसी प्रखंड के इंदिरा गांधी बालिका उवि में कल्याण विभाग के द्वारा 8 क्लास के बच्चे बच्चियों को करीब 250 साइकिल वितरण का उद्घाटन किया। वितरण के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार तो बच्चे बच्चियों को साइकिल जरूर प्रदान कर रही है यह अच्छी पहल है कि बच्चे बच्चियों को आने-जाने में स्कूल कोई तरह के परेशानी ना हो लेकिन सरकार साइकिल वितरण में भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि जेनरल एसटी एससी ओबीसी इत्यादि काफी बच्चे बच्चियों को नहीं मिल पाई है यह सरकार की बहुत बड़ी विडंबना है।

## बच्चों व मातृ अवकाश महिलाओं का पोषाहार हड़पने में जुटे संवेदक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ आंगनबाड़ी सेविका को चालान के अनुसार कोटा दाल मिला, संवेदक नहीं दे रहा टीएचआर बैग



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड की करीब सभी पंचायतों के आंगनबाड़ी में टीएचआर बैग में भारी अनियमितता संवेदक बरत रहे हैं। जानकारी के अनुसार सरकार गर्भवती महिला व दुधमुहे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी में टीएचआर बैग की व्यवस्था की है। जिससे कोई परेशानी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को नहीं हो, लेकिन सरकारी योजनाओं को विफल करने में लगे हैं। संवेदक इससे परेशान हैं। आंगनबाड़ी सेविका को चालान के अनुसार टीएचआर बैग नहीं दिया जा रहा है, जिससे सेविका को वितरण में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विभाग की उदासीनता

### 18 पंचायत के स्कूलों में नहीं बंटी साइकिल

**पाटन पलामू।** सत्र 2023/24 में आठ क्लास में अध्ययन कर रहे अनुचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति के छात्र छात्राओं के बीच कल्याण विभाग से साइकिल बंटना है जिसमें पाटन कल्याण विभाग के द्वारा अभी तक मात्र तीन चार पंचायत के छात्र छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया है। बाकी शेष बचे 18 पंचायत के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण नहीं किया गया है।

## पानी की भारी किल्लत झेल रहे शोले पंचायत के जयनगर टोला के ग्रामीण

**मनीष दुबे**

■ जलमीनार खराब होने से बेकार पड़े एक चापाकल से करीब 200 की बुझती है प्यास



**पाटन पलामू।** जिला के शोले पंचायत के जयनगर गांव में सरकार की सभी योजनाएं विफल है। जयनगर के ग्रामीण लीला देवी, सूरजपातो देवी से बातचीत की गयी तो बताया कि पानी की समस्या कई सालों से है। पूरे गांव में 50 घर की बस्ती है जिसमें 200 से अधिक आबादी है। लेकिन इस पूरे बस्ती में सिर्फ एक ही चापाकल है। इसी से पूरे गांव के लोग पानी पीते हैं। बगल में स्कूल है। वहां भी चापाकल नहीं है। बच्चे भी इसी से पानी पीते हैं। तीन-चार साल पहले एक जलमीनार लगी थी। लेकिन वह भी दो साल पूर्व आंधी तूफान में उड़ जाने से खराब होकर बंद पड़ी है।

# भगवान जगन्नाथ की वापसी पर ठाकुरबाड़ी मंदिर में भंडारा

■ संतोष तिवारी ने भंडारा व रासभोग का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रथ यात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर गाजे के साथ जनकपुरी मंदिर गये। वहां से वापसी के बाद रांची रोड स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में भक्तों के दर्शन के लिए रखा गया। जहां पर विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर मंगल आरती के बाद रासभोग लगाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारा में प्रथम मेयर अरूणा शंकर, डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी, श्यामनारायण दुबे, सुनील तिवारी, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अजय तिवारी ने कहा कि विगत 30 वर्षों से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जो कि ठाकुरबाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम के अलावे समय समय पर धार्मिक कार्य अनुष्ठान मंदिर परिसर में



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।

# क्षेत्र भ्रमण के दौरान सिराज ने सुनी जनसमस्याएं, समाधान का भरोसा

■ आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सह भावी विस प्रत्याशी सिराज खान ने उंटारी रोड प्रखंड का किया दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**उंटारी रोड पलामू।** आजाद समाज पार्टी (कां) के प्रदेश महासचिव सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सिराज खान ने उंटारी रोड प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के डेवडर, बंजारी सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी जनसमस्याओं को सुना साथ ही समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर सिराज खान ने कहा कि उंटारी रोड प्रखंड का विभिन्न गांव विकास से काफी दूर है। जिसके कारण यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण यहां के लोग मूलभूत समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उंटारी रोड प्रखंड में न तो समुचित रूप से सड़क का निर्माण किया गया है और ना ही पेयजल की व्यवस्था की गयी है।



उंटारी रोड प्रखंड में जनसंपर्क करते सिराज खान।

## खबरमंत्र स्थापना दिवस के अवसर पर पलामू जिलावासियों समेत समस्त झारखण्ड वासियों को मंगलमय शुभकामनायें



**अजीत कुमार दुबे**
अध्यक्ष जन कल्याण ट्रस्ट



**ओमप्रकाश दुबे**
संयोजक

### सेवा ही संकल्प

**पलामू प्रमंडल के विकास को ले संकल्पित**

**निवेदक**



**धर्मेंद्र पांडेय**
उपाध्यक्ष



**अजय कुमार तिवारी**
उप सचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता



**नंदलाल दुबे**
संगठन सचिव जन कल्याण ट्रस्ट



**अखिलेश कुमार पाठक**
केंद्रीय सदस्य



**रानी देवी**
केंद्रीय सदस्य

**जन कल्याण ट्रस्ट, मेदिनीनगर पलामू। मो:- 7667663694**

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला

**गौरवशाली 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर खबर मंत्र परिवार को हार्दिक बधाई !**

हम अपने व्यवसाय के साथ-साथ अपने समस्त हितधारकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने हेतु निरंतर प्रत्यनशील एवं प्रतिबद्ध हैं।

**ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के मुख्य विकासात्मक घटक:**

- शिक्षा एवं क्षमता विकास
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम
- आधारभूत संरचना विकास
- सतत जीविकोपार्जन
- सामाजिक जागरूकता एवं महिला सशक्तिकरण

ADITYA BIRLA
GRASIM



**हितेंद्र अवस्थी**
यूनिट हेड
ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड
रेहला, पलामू, झारखण्ड।

## खबरमंत्र स्थापना दिवस पर पलामू संसदीय क्षेत्र के समस्त नागरिकों समेत देशवासियों को मंगलमय शुभकामनायें

जय भारत | जय भाजपा | जय झारखंड







# विष्णु दयाल राम
# ( बी.डी. राम )

**सांसद**

**पलामू संसदीय क्षेत्र।**

एक एक कर वादा निभाता चला गया।
विकास की गंगा बहाता चला गया ।।
पलामू संसदीय क्षेत्र सहित समस्त देशवासियों को खबर मन्त्र स्थापना दिवस की मंगलमय शुभकामनएं।
संसदीय क्षेत्र के विकास को सतत प्रयत्नशील व कृतसंकल्पित।
हमने ठाना है , विकास की गंगा भाना है ।
पलामू संसदीय क्षेत्र को देश और राज्य में अव्वल बनाना है ।।





### पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिले क्रमशः गढ़वा एवं पलामू में मेरे प्रयासों से 9 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियां

1. पलामू में मेडिकल कॉलेज की स्थापना।
2. पलामू में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलटेक्निक संस्थान की स्थापना।
3. पलामू में केन्द्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय की स्थापना।
4. हुसैनाबाद में नवोदय विद्यालय की स्वीकृति। निर्माण कार्य प्रारंभ।
5. भंडरिया में एकलव्य विद्यालय का निर्माण।
6. पलामू में पासपोर्ट ऑफिस की स्थापना।
7. उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मंडलडैम) का जीर्णोद्धार कार्य, जिससे पलामू एवं गढ़वा जिले के 15000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मुहम्मदगंज तथा गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के किसानों की भूमि सिंचित होगी। मंडल भाग 2 का कार्य संपादन अंतिम चरण में है, जो पलामू संसदीय क्षेत्र में पडता है। मुख्य मंडल डैम पर कार्य मुआवजे की राशि वितरित होने के बाद प्रारंभ होगा।
8. सोन एंव कनहर नदी से पानी लिफ्ट कर गढ़वा जिलें के किसानों के खेतो में पाईप के माध्यम से 1272.52.62 करोड (एक हजार दो सौ बहतर करोड़ बावन लाख बासठ हजार रूपये) की लागत से सिचांई एवं पेयजल की सुविधा प्रदान करने की योजना की स्वीकृति दिलवायी जिसका कार्य 60 प्रतिशत हो चुका है।
9. सोन, कोयल एवं औरंगा नदी से पानी लिफ्ट कर के पलामू जिला के विभिन्न जलाशयों को भरने की योजना की स्वीकृति के कगार पर। 782.40 करोड़ की लागत से बनेगी यह योजना।
10. सोन नदी पर श्रीनगर-पंडुका के बीच पुल निर्माण की स्वीकृति। 210.13 करोड़ की लागत से योजना का कार्य प्रारंभ।
11. एनएच-75 को 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति एवं गढ़वा बाईपास का 90 प्रतिशत कार्यपूर्ण। गढ़वा को मिलाकर एनएच-75 पर कुल 6 बाईपास के निर्माण सतबरवा, पोलपोल, डालटेनगंज, रमना तथा श्री वंशीधर नगर की स्वीकृति।
12. एनएच-98 पंड़वा मोड़ से हरिहरगंज तक 4 लेनिंग कराने की स्वीकृति। छत्तरपुर बाईपास का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण।
13. पलामू जिला अन्तर्गत विश्रामपुर एवं रेहला वासियों को शुद्ध पेयजल हेतु विश्व बैंक की मदद से लगभग 100 करोड़ रूपए की लागत से विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजना की स्वीकृति प्रदान करना।
14. चैनपुर प्रखंड के टेमराई, बटनडूबा एवं रानी ताल जलाशय योजना की स्वीकृति एवं कार्य सम्पन्न।
15. मलय, जिंजोई, सदाबह, सुखनदिया का पक्का लाइनिंग का कार्य संपन्न।
16. बांयीं बांकी जलाशय एवं बायी बांकी सिंचाई योजना का कार्य सम्पन्न।
17. पलामू एवं गढ़वा जिला में 75-75 अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य जारी।
18. रजहारा कोलियरी का पुनः चालू करवाने की स्वीकृति प्रदान। विस्थापितों को नौकरी दिलाने का प्रयास जारी।
19. पलामू जिला के ग्राम बारी एवं गढ़वा के ग्राम पुरेगड़ा में 20-20 मेगावाट के सौर पार्क स्थापित करने की स्वीकृति।
20. गढ़वा जिला अंतर्गत एनएच -343 अन्नराज घाटी की सड़क को सीधी एवं चौड़ी करने की लंबे समय से चली आ रही मांग की स्वीकृति। शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा।
21. एनएच के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति।
22. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पूरे संसदीय क्षेत्र में 1173.26 कि.मी. सड़क का निर्माण हो चुका है और अनेकों सड़के निमार्णाधीन हैं।
23. जपला छत्तरपुर सड़क निर्माण।
24. शाहपुर-गढ़वा सड़क निर्माण।
25. जपला-हैदरनगर-मुहम्मदगंज तक सड़क निर्माण।
26. जपला-छत्तरपुर इमली तर से सबानो बिहार बॉर्डर तक सड़क निर्माण।
27. नयी ट्रेन रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ।
28. रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज मोहम्मदगंज, हैदरनगर एवं उंटारी रोड स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करवाया।
29. मुहम्मदगंज बराज से Right Main Canal, Left Main Canal का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
30. ऊपरी कररबार नहर सिंचाई योजना का निर्माण पूर्ण।
31. जपला ROB का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण।
32. मुहम्मदगंज से सुंडीपुर तक कोयल नदी कटाव रोकने हेतु गार्डवाल का निर्माण।
33. मुहम्मदगंज स्थित कोयल नदी पर ब्रीज का निर्माण।
34. CRIF के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित चार महत्वपूर्ण पथों एवं एक आरओबी की स्वीकृति। (1) नगरउंटारी से धुरकी अंबाखोरिया 24.90 किलोमीटर, (2) मेराल-बाना-अम्बाखोरिया 36.725 किलोमीटर, (3) भजनिया से मुहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मुहम्मदगंज से दंगवार पथ) वाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अघौरी एवं रानी देवा तक 17.372 किलोमीटर (4) कुटी मोड़ (चैनपुर) से हुटार वाया रामगढ़ ब्लॉक के हेडक्वाटर तक 24.103 किलो मीटर। (5) सेतु बंधन योजना के तहत सिंगरा-चेड़ाबार कोयल नदी पर बने पुल को सिंगरा एनएच-75 से जोड़ने हेतु रेलवे लाईन पर 83.54 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृति।
35. चैनपुर-सेमरा-लोहरसिमी से सलतुआ होते हुए मतौली मोड़ तक 21 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलायी। कार्य प्रारंभ।
36. चौकड़ी, बैरांव, हुसैनाबाद ब्लॉक, मोहम्मदगंज में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण।
37. मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 161 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत। जुडको द्वारा शीघ्र कार्य प्रारम्भ किए जाने की आशा।
38. पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के फलस्वरूप गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्य क्रम (NICDC) के तहत (Amritsar Kolkata Industrial) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (ठक्ळऊ) स्थापित कराने की पहल की गई है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (NICDC) की स्थापना से झारखंड राज्य के बुनियादी ढांचें में परिवर्तन संभावित है एवं राज्य का संतुलित विकास में बहुत बड़ा योगदान होगा एवं उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। राज्य सरकार को प्रस्ताव पर सहमति करने की आवश्यकता है।
39. दूरसंचार व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः पलामू में 34 एवं गढ़वा में 32 स्थानों पर बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) BSNL टावर लगाने की स्वीकृति।
40. श्री बंशीधर नगर में अतिथिशाला निर्माण की स्वीकृति एवं कार्य पूर्ण।
41. पलामू जिला के सदर प्रखंड स्थित ग्राम लहलहे में पावर ग्रीड की स्थापना।
43. श्री वंशीघर महोत्सव का आयोजन।
44. NH-75 से चित विश्राम होते हुए धुरकी के गरदा सिवाना तक 22 किलोमीटर पथ निर्माण।
45. गढ़वा रोड- चोपन रेल खंड पर गढ़वा रोड से महुअरिया (यू.पी.) तक नव निर्मित दोहरे रेलवे लाइन 866 करोड़ रुपए की लागत से कुल लंबाई 66 कि.मी. का निर्माण।

# कुड़ुख भाषा विषय में पद सृजन में बरती गयी भारी अनियमितता : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** कुड़ुख भाषा विषय में पद सृजन में बरती गयी भारी अनियमितता को लेकर बुधवार को जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा व कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के संयुक्त नेतृत्व में बाईस पड़हा के सदस्यों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। जिसपर उपायुक्त ने अश्वासन दिया कि गड़बड़ी को निरस्त कर के पुनः सर्वे कराकर कुड़ुख भाषा विषय के लिए पद सृजन बढाया जाएगा। उपायुक्त ने समाजीक स्तर से भी सर्वे करने के लिए बाईस पड़हा सदस्यों को योगदान देने के लिए कहा। बाईस पडहा के बिरसा उरांव ने बताया की कुड़ुख भाषा को संर्पक भाषा के रुप में प्रयोग कर के नागपुरी भाषा को जगह देना कुड़ुख भाषा को दबाने की साजिश है। झारखंड सरकार ने जनजातीय भाषा को बढ़ाने के लिए पद सृजन कर लोगों तक भाषा को पहुंचाने की काम कर रही है। लेकिन कुमूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के निमित्त किया पौधरोपण किया। डुख भाषा को जगह नहीं देना चिंतनीय विषय है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने बताया कि गुमला जिला एक पाँचवी अनुसूची श्रेत्र में स्थित है और कुड़ुख बहुल क्षेत्र है। यहां की भाषा उरांव समाज की पहचान है। इन्हें आज जगह ना देना कहीं ना कही कुड़ुख भाषा को दबाने की कोशिश किया जा रहा है। इसलिए गुमला जिला के सभी स्कूल में फिर से नामांकित आदिवासी उरांव छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुसार कुड़ुख भाषा के लिए पद सृजन किया जाए। जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने कहा कि कुड़ुख समाज से बड़े बड़े बिद्वान पैदा हुए और पुरे भारत देश में कुड़ुख भाषा ने राजनीतिक कार्य से लेकर समाजिक कार्य को पहचान दिलाने का काम किया है। वर्तमान में गुमला जिला में कुड़ुख

# लंबित योजनाओ को जल्द करे पूर्ण : लोहरदगा डीडीसी



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में पथ निर्माण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में सर्वप्रथम ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल लोहरदगा से संचालित योजनाओं व उसके प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें एससीए के 117 योजनाओं में 97, जिला योजना अनाबद्ध मद के 22 योजनाओं में 18, कल्याण विभाग के 7 में से 4, डीएमएफटी के 2 में से 1, पीएम-अभीम के 18 में से 9 पूर्ण पाये गये और शेष योजनाएं लंबित हैं एवं कई योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया।

# आईजी ने एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण पुलिस अधिकारियो को दिये कई निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश झा बुधवार को लोहरदगा पहुंचे। इस दौरान लोहरदगा एसपी कार्यालय परिसर में आईजी अखिलेश झा को पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। आईजी ने सबसे पहले लोहरदगा एसपी कार्यालय परिसर में स्थित बलिदानी एसपी अजय कुमार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनके साथ लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने भी बलिदानी एसपी को श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत एसपी कार्यालय का निरीक्षण किया है। आईजी ने एसपी कार्यालय में स्थित अलग-अलग शाखाओं का निरीक्षण करते हुए पुलिस पदाधिकारी के काम और कार्यालय की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारी को जरूरी निर्देश भी दिए हैं। इसके उपरांत आईजी ने पुलिस कर्मियों के साथ लंबी बैठक की है। हालांकि इस बैठक में मीडिया को प्रवेश की अनुमति नहीं थी।

बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन सहित अन्य मामलों को लेकर निर्देश दिए गए हैं।

# विकास कार्यों से सामाजिक सहयोग का विकास होता है : मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मंत्र संवाददाता






**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव बुधवार को जिले के किस्को एवं कुडु प्रखंड पहुंच कर कार्यकताओं एवं आम जनता से मिले,साथ ही वाद्य यंत्र डंका,ताशा,झुनझुना का वितरण किया। इस मौके पर मंत्री श्री उरांव ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व धर्म समभाव की बात करता हूं और हमारा देश वसुदेव कुटुंबकम पर आधारित है। हमें सभी धर्मो का सम्मान करना चाहिए। आज जिले के किस्को एवं कुडु प्रखंड में मुहर्रम त्योहार के उपलक्ष्य पर मुस्लिम भाइयों के बीच वाद्यंत्र डंका, ताशा, एवं झुनझुना का वितरण किया जा रहा है चूंकि हर समाज का विकास की मेरा उद्देश है इसके फलस्वरूप आज वाद्यंत्रों का वितरण किया जा रहा है। ताकि सभी त्योहार में हर्षोल्लास के साथ शामिल हो सके एवं रीझ रंग के साथ त्योहार मना सके। इससे पहले हमने जिले में आदिवासी भाइयों के बीच पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर नगाड़ा का वितरण किया। इसी तर्ज पर हम लोग मुस्लिम भाइयों को भी सहयोग कर रहे हैं। हमारा एकमात्र उद्देश्य है कि हमारी संस्कृत, सभ्यता,परंपरा,त्योहारों को अक्षुण्ण बना सके। यह हमारे प्रदेश की पहचान है, विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सहयोग से भ्रातृत्व भावना एवं सद्भाव का विकास होता है। इसी उद्देश के साथ कार्य किया जा रहा है।इसके साथ है सरना मसना,के साथ कब्रिस्तान शमशान आदि धार्मिक स्थल में चाहरदिवारी निर्माण एवं शेड निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है । जिसे इस क्षेत्र का विकास सभी समाज का हो सके। इस मौके पर रोहित प्रियदर्शी उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,हाजी जब्बारूल अंसारी, सामूल अंसारी, तनवीर गौहर,विशाल डुंगडुंग, मुनि देवी, ऐनूल अंसारी, कुदूस अंसारी, रौनक इकबाल, मीना कुमारी, उल्फत अंसारी, नसीम अंसारी, कबीर अंसारी, शेख सादिक, कबीर अंसारी, उल्फत अंसारी, असलम अंसारी, तबरेज अंसारी, कैश आलम, फारुख हुसैन, कबीर अंसारी, आफताब आलम, मुनव्वर आलम, हातिम अंसारी, फैयाज अंसारी, संगीता उरांव, सुशील उरांव, तालहा अंसारी, कमरूल इस्लाम, रसीद अंसारी, राबुल पवारिया, समशूल अंसारी, इकबाल अहमद, मुनीम अंसारी, अवधेश उरांव, सहाबुल राय, माजिद पवारियांआदि उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार

### आवश्यक सूचना

सभी संबंधित पशुपालकों / दुग्ध उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत जिला लातेहार में गव्य प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए चयनित लाभुकों के बैंक खाता में द्वितीय चरण की अनुदान राशि DBT के माध्यम से भेजा जाना है। इस संबंध में सभी चयनित लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि वे अपने बैंक खाते में योजनानुसार नीचे वर्णित लाभुक अंशदान की राशि को यथाशीघ्र जमा करें ताकि अनुदान राशि DBT कर पशु क्रय की प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण किया जा सके। राशि जमा करने के पश्चात् अपने बैंक खाता पुस्तिका की स्पष्ट छायाप्रति एवं जमा रसीद के साथ कार्यालय में दिनांक– 16.08.2024 के अंदर सम्पर्क करें।

**नोटः– जिन लाभुक के द्वारा प्रथम चरण की दुधारू गाय क्रय कर लिया गया है उनको निदेश दिया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर प्रथम चरण की दुधारू गाय (जो आपके द्वारा क्रय की गई है) का लाभुक के साथ जियो टैग फोटो एवं लाभुक अंशदान जमा कर कार्यालय से सम्पर्क करें ताकि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अनुदान राशि आपके बैंक खाते में DBT किया जा सके।**

विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

**योजनावार अनुदान राशि एवं लाभुक अंशदान राशि की विवरणी**

| क्र0 | कार्यक्रम का नाम | परियोजना लागत | अनुदान प्रतिशत | द्वितीय चरण अनुदान राशि | लाभुक अंशदान राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दो दुधारू गाय | 135050/- | 75 प्रतिशत | 48856/- | 16286/- |
| | | | 90 प्रतिशत | 58628/- | 6514/- |
| 2 | कामधेनु डेयरी फार्मिंग | | | | |
| 2.1 | 5 गाय की मिनी डेयरी | 337625/- | 75 प्रतिशत | 97713/- | 32571/- |
| | | | 50 प्रतिशत | 65142/- | 65142/- |
| 2.2 | 10 गाय की मिडी डेयरी | 675250/- | 75 प्रतिशत | 244283/- | 81427/- |
| | | | 50 प्रतिशत | 162855/- | 162855/- |

PR 329121 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, लातेहार



## कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग
## सदर अस्पताल परिसर, हजारीबाग

### निजी नर्सिंग होम /निजी अस्पताल/एलोपैथी क्लिनिक/डेन्टल क्लिनिक/आयुश क्लिनिक/ पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स–रे संस्थान/अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक आदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना

Clinical Establishment Act 2010 के तहत हजारीबाग जिला अन्तर्गत संचालित **सभी निजी नर्सिंग होम/ निजी अस्पताल/ एलोपैथी क्लिनिक / डेन्टल क्लिनिक / आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/ एक्स–रे संस्थान/ अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक** आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है।

अतएव हजारीबाग जिला अन्तर्गत उक्त सभी निजी संस्थान के संचालक को सविज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act 2010 के तहत अपने संस्थान के पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु दिनांक 17.07.2024 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन Online (www.clinicalestablishments.gov.in) पर आवेदित करने के साथ ही उसकी एक प्रति संबंधित कागजात के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, हजारीबाग में समर्पित कर दें। दिनांक 17.07.2023 के पश्चात बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ Clinical Establishment Act 2010 के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी एवं इसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।

**दण्ड प्रावधान**

अपंजीकृत निजी संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर Clinical Establishment Act 2010 के धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड निम्नवत् प्रावधान है –

प्रथम बार – 50000/–रू तक
द्वितीय बार – 200000/–रू तक
उत्तरवर्ती बार – 500000/–रू तक

सभी नर्सिंग होम /निजी अस्पताल / एलोपैथी क्लिनिक / डेन्टल क्लिनिक / आयुश क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/ एक्स–रे संस्थान/ अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक आदि में पुछताछ केन्द्र के समीप चिकित्सक का नाम, उसकी योग्यता, मेडिकल कॉउंसिल रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं प्रदत सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित अनिवार्य है।

**नोटः– सभी आम–जनता/मरीजों से अनुरोध है कि अपना ईलाज पंजीकृत संस्थानों से ही करायें।**

(डॉ0 एस0पी0 सिंह)
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 329177 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D



## कार्यालय झुमरीतिलैया नगर परिषद
### अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/02/2024-25 Date – 10-07-2024

| क्र0 सं0 | मद का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Amrut 2.0 | झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नं0–27 में गोवर्धन पार्क का निर्माण कार्य। | 1,25,53,679 | 2,51,100 | 10,000 | 9 Month |
| 2. | 15वें वित्त आयोग | Construction Of Bitumen Road, Guard Wall And R.C.C Drain From Govardhan Rana House To Devi Mandap At Ward No. 05. | 76,39,432 | 1,52,800 | 10,000 | 4 Month |
| 3. | 15वें वित्त आयोग | Construction Of Rcc Drain From Bajrang Bali Mandir To Tuna Lal House Via Rattan Lal Boundary At Ward No.-14. | 15,79,300 | 31,600 | 5,000 | 4 Month |
| 4. | 15वें वित्त आयोग | Construction Of RCC Drain From Gopal Mandal House Via Kamal Verma House And Raju Pandit House At Ward No.-20. | 24,99,700 | 50,000 | 5,000 | 4 Month |
| 5. | 15वें वित्त आयोग | Construction Of RCC Drain From Binod Yadav House To Khushlal House Via Roushan Ara Sartaj House At Ward No.-17. | 15,47,000 | 31,000 | 5,000 | 4 Month |
| 6. | 15वें वित्त आयोग | Construction Of Paver Block Road From Samrat Singh House To Niranjan Ram House Via Ram Kripal Singh And Sudarshan Singh At Ward No.23. | 23,36,200 | 46,750 | 5,000 | 4 Month |
| 7. | 15वें वित्त आयोग | Construction Of Paver Block Road And RCC Drain From Shiv Shankar Singh House Via Ramnath Singh House To Sunil Rawani House, Basantkunj Bishunpur At Ward No.01. | 10,63,700 | 21,300 | 5,000 | 4 Month |
| 8. | शहरी परिवहन मद | Construction Of PCC Road From Arun Kumar Sharma House Via Nandkishore Prasad House To Yugul Kishor Sharma And Sambhu Modi House To Arjun Singh House At Ward No. 23. | 19,69,100 | 39,400 | 5,000 | 4 Month |
| 9. | शहरी परिवहन मद | Construction Of PCC Road From Santosh Yadav House To Lalmohan Singh House Near Law College At Ward No. 01. | 20,73,300 | 41,500 | 5,000 | 4 Month |
| 10. | शहरी परिवहन मद | Construction Of Paver Block Road From Aryan Hospital To Basudev Yadav House And Chitragupt Nagar Main Road At Ward No. 22. | 24,14,800 | 48,300 | 5,000 | 4 Month |
| 11. | शहरी परिवहन मद | Construction Of Paver Block Road From Chitragupt Nagar Main Road To Rajkishor Prasad House At Ward No. 22. | 10,20,500 | 20,450 | 5,000 | 4 Month |
| 12. | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC Road From Ravi Sinha House to Raj Pandit House with RWH and Soak Pit at Ward No.22 Under Jhumri Telaiya Nagar Parishad. | 12,74,400 | 25,500 | 5,000 | 4 Month |
| 13. | नागरिक सुविधा | Construction Of RCC Drain from Sunil Swarnkar House to Bhagwan Das House (Azad Muhalla) and Manoj Yduwansi House to Tuklal Yadav House (Indarwa Muhalla) at Ward No-04. | 21,25,800 | 42,600 | 5,000 | 4 Month |

1. Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.07.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 24.07.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 25.07.2024 अपराहन 3.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9835420400
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रॉची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड, रॉची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0), दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 329167 Urban Development (24-25)_D


# गुमला प्रधान जिला जज ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री ध्रुव चंद्र मिश्र ने बुधवार को सिलम स्थित बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में श्री मिश्र ने बच्चों के प्रत्येक वार्ड ,रसोई एवं क्लासरूम, स्टोर रूम, आदि की जांच की। क्लासरूम में उन्होंने वॉल फैन लगाने का निर्देश दिया ताकि क्लास रूम में बच्चों को गर्मी नहीं लगे। जिला जज ने बच्चों से उनका हाल-चाल पूछा तथा नाश्ता एवं खाना, दूध ,सब्जी आदि के विषय में विस्तृत जानकारी ली। जिसमें बच्चों ने बताया कि सभी सामान मीनू के अनुसार उपलब्ध हो जाता है। पढ़ाई के लिए एक शिक्षक हैं तथा एक शिक्षिका हैं। जिला जज को संप्रेषण गृह के पदाधिकारीयों के द्वारा बताया गया की वर्तमान में कंप्यूटर शिक्षक का कार्य अवधि का विस्तार नहीं हो पाने के कारण कंप्यूटर की पढ़ाई बंद है। जिस संबंध में पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है। बाहर किचन है जिसके विषय में पूछने पर बताया गया कि संप्रेक्षण गृह के अंदर नया किचन बनकर तैयार है।

# मनरेगा लोकपाल ने भंडरा मे मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



भंडरा। मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने बुधवार को प्रखंड पहुंचकर विकास योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मनरेगा लोकपाल ने भंडरा के गडरपो, जमगई व अकाशी मे चल रहे मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया. साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान मनरेगा लोकपाल ने पंचायतों में चल रही सभी मनरेगा योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा योजनाओं को अच्छे से धरातल पर उतारने तथा मस्टर रोल के अनुसार मजदूरों की उपस्थिति आदि की बात कही। निरीक्षण के क्रम मे मनरेगा लोकपाल ने गडरपो पंचायत के अमदारी गांव मे किसान देवठान उरांव, पच्चू महतो, अम्बेल करकेट्टा, फिल्मोन मिंज, अरुण उरांव, पूंगे उरांव, एवं सेमरा गांव के मोमिता गुप्ता,उमा गुप्ता के बागवानी का निरीक्षण कर पंचायत सचिव महिपाल भगत कनीय अभियंता रविशंकर भगत को आवश्यक दिशा निर्देश दिया इसके अलावा लोकपाल इंदु तिवारी ने जमगई व अकाशी पंचायत में चल रहे मनरेगा के तहत आम बागवानी का निरीक्षण कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया. इसके अलावे बिरसा हरित ग्राम योजना और ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत निर्मित अमृत सरोवर का स्थल निरीक्षण किया। सम्बंधित रजिस्टर और अभिलेख की जांच की। मौके पर पंचायत सचिव महिपाल भगत,कनीय अभियंता रविशंकर भगत,रोजगार सेवक करमचंद उरांव सहित अन्य पंचायत सचिव और रोजगार सेवक शामिल थे।

# हाथियों ने भंडरा के डुमरी में मचाया उत्पात फसलों को किया बर्बाद





खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** रात होते ही जंगली हाथी आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग के पास तत्काल किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण वह चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। जंगली हाथियों का झुंड गांव के बाद अब किसानो के फसलों को भी निशाना बना रही है। ग्रामीण क्षेत्र में हाथी फसलों को नुकसान पहुंचाने पहुंच जा रहे हैं। हाथियों का झुंड मंगलवार की रात कचमची मोहना टोली से निकल कर नंदनी नदी, डुमरी होते हुए अमदारी गांव के पास पहुंच गया है।

इस दौरान हाथियों की झुण्ड ने डुमरी तिलसीरी मे पांच टन गेहूं सहित करीब दर्जनों एकड़ में लगी फसलों को बर्बाद कर दिया।

# स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में डीएवी की छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की छात्रा ताशा झा ने 14 वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में ओपन साइट फिफ्टी मीटर राइफल प्रोन जूनियर वुमन में गोल्ड जीतकर विद्यालय एवं ज़िले का नाम रोशन किया है। वहीं 10 मीटर राइफल चैंपियनशिप यूथ वुमन इंडिविजुअल में उसने स्टेट लेवल पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जोनल लेवल के लिए क्वालिफाई किया है।

# हिंदुओं को अहिंसक खाने वाला असम में अपराध हिंदू बर्दाश्त नहीं करेंगे: सूरज ठाकुर



भंडरा। जय श्री राम समिति भंडरा के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर के अध्यक्षता में राहुल गांधी का पुतला दहन भंवरों मोड़ स्थित चौक में किया गया। इस मौके पर श्रीराम समिति के प्रखंड अध्यक्ष सूरज ठाकुर ने कहा कि हिंदुस्तान में हिंदुओं को हिंसक का कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने वाले नेताओं को हिंदुस्तान के हिंदू बर्दाश्त नहीं करेंगे। राहुल गांधी के द्वारा संसद में हिंदुओं को हिंसक कह कर अछ्म अपराध किया गया है. ऐसे अपराधी किस्म के नेता को संसद में बैठने का अधिकार नहीं है. मौके पर राहुल गांधी का पुतला दहन करते हुए श्री राम समिति के अगवाई में स्थानीय लोगों के द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी भी की गई. मौके पर आकाश यादव, चंदन लहरी, अमित कुमार कुंदन, विकास पंडित, विकास लहरी, अमरेश साहू ,विवेक साहू ,राजेश भगत, मन्नू गुप्ता ,सतनारायण यादव, पंकज यादव, सौरभ कुमार साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिला शिक्षा विभाग अंर्तगत विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा, उपायुक्त ने दिये आवश्यक निर्देश

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को समग्र शिक्षा की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत की गयी। जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां ने जिले की शैक्षणिक प्रगति पर प्रस्तुति दी। उपायुक्त द्वारा यूनिफॉर्म, टेक्स्टबुक, शिक्षा अधिकार अंतर्गत नामांकन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन स्मार्ट क्लास आईसीटी लैब की क्रियाशिलता, आधार एनरोलमेंट, शिक्षकों एवं विध्यार्थियोक का अटेंडेंस, सीएम स्पेशल स्कॉलरशिप, विद्यार्थियों का बैंक खाता खोलने, आदि पर समीक्षा करते हुए उचित निर्देश दिया। इस दौरान आदेश के उलंघन, कार्य शिथिलता एवं अनुशासन हीनता के आरोप में कस्तूरबा विद्यालय की एक शिक्षिका एवं कुछ फिजियोथेरेपिस्ट की सेवा समाप्त की गई तथा भरनो प्रखंड में बीपीओ के पदस्थापन का अनुमोदन किया गया। उपायुक्त के द्वारा विद्यालय शिक्षकों के शत प्रतिशत बायोमेट्रिक अटेंडेंस का निर्देश दिया गया। साथ ही शत प्रतिशत विद्यालयों में बच्चों के अटेंडेंस को ऑनलाइन अपडेट करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी कस्तूरबागांधी विद्यालयों में विद्यार्थियों के रिक्त पदों पर 18 जून से पहले बच्चों का नामांकन करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने चयनित विद्यालयों में शत प्रतिशत स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का अधिष्ठापन करने का निर्देश दिया। रुके हुए कार्यों की कार्यकारी एजेंसियों के साथ समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण करने की बात कही।

# खाने में गिरा छिपकली तीन लोग बीमार

**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के भुजनिया गांव एक ही परिवार के तीन सदस्यों को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन तीनों ने उल्टी की शिकायत की थी। जिसके बाद इन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि सदर थाना क्षेत्र के भुजनिया गांव निवासी इस्माइल अंसारी के घर में खाना बना हुआ था। जिसमें छिपकली गिर गई थी और इसी खाने को इस्माइल अंसारी, उसकी 28 वर्षीय पत्नी सदरुन निशा, दो वर्षीय पुत्र जुल्फान अंसारी ने खा लिया था। जिसके बाद तीनों ने उल्टी आने की शिकायत की। जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया है। फिलहाल तीनों की स्थिति स्थिर बनी हुई है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सदर अस्पताल, कोडरमा




## 2023-2024 (अप्रैल 2023-मार्च 2024)

- ❖अल्ट्रासाउंड - 16991
- ❖एक्स-रे - 10989
- ❖सीटी स्कैन - 5137
- ❖ब्लड बैंक - 3804
- ❖पैथोलोजी - 101897
- ❖डायलिसिस - 3020
- ❖20x7 SNCU - 2502
- ❖आपातकालीन सेवा - 28743

- ❖बाह्य रोगी विभाग - OPD 188769
- ❖रोगी भर्ती विभाग - OPD 14406
- ❖प्रसूति एवं स्त्री रोग - OPD 33021
- ❖हड्डी रोग - OPD 18564
- ❖नेत्र रोग - OPD 15389
- ❖चर्म रोग - OPD 1668
- ❖बाल चिकित्सा एवं नवजात शिशु देखभाल - OPD 15570
- ❖सामान्य शल्य चिकित्सा - OPD 145
- ❖जेनरल मेडिसिन - OPD 66229
- ❖दंत रोग - OPD 4836

खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

## आयुष्मान भारत 2023-2024 (अप्रैल 2023 - मार्च 2024)

| S.N. | Category Details/ Procedure Details | | Total 2023-24 Pre-Auth | Apr, May and June 2024 Pre Auth |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Burns Management | | 26 | 3 |
| 2 | Emergency Room Packages | Animal bites | 134 | 18 |
| | | Dressing | 375 | 138 |
| 3 | General Medicine | General Medicine | 2447 | 480 |
| | | ICU Ward | 599 | 145 |
| | | Dialysis | 47 | 22 |
| 4 | Opthalmology (Eye Surgery) | | 97 | 9 |
| 5 | General Surgery | | 139 | 50 |
| 6 | Neo-natal (SNCU) | | 1732 | 337 |
| 7 | OT | Caesarean Delivery | 1178 | 367 |
| | | Gynee. Surgery | 16 | 6 |
| 8 | Orthopaedics | Major Case | 38 | 0 |
| | | Plaster | 248 | 57 |
| 9 | Labour Ward | High Risk delivery | 764 | 164 |
| | | Secondary Suturing of episiotomy | 528 | 64 |
| 10 | Paediatric Medical (MTC) | | 37 | 14 |
| | | Total | 8405 | 1874 |

पत्रांक : 683(DHS) कोडरमा, दिनांक : 05/07/2024




## खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

PG HOSPITAL

7992471616
9507634000

# पी जी हॉस्पीटल

रॉंची पटना रोड, करमा, झुमरी तिलैया (कोडरमा)

## डॉ दिवाकर यादव
(सर्जन)

MBBS (Chennai)
MS General Surgery (Kanpur)
General & laparoscopy Surgeon

## ADARSH +2 UCHCHA VIDYALAYA, MADHWATAND

Affiliated to CBSE (10+2) * Affiliation No:3430249 * School Code: 66443

English Medium Co-Educational Day-Cum Residential School
Vill.-Madhwatand, P.O.-Makatpur, P.S.-Jainagar, Koderma Jharkhand,
Ph. 9939611966, 9403547588, 9709125407
Email-id-adarsh.vidyalaya2@gmail.com Website:- www.auvmadhwatand.org.in

*Admission Open for Class – Nur. To IX & XI (2024-25)*

खबर मन्त्र स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



PUNIT YADAV
(Principal)



**Bus Facility**
For Every Route

**ADMISSION OPEN**
For Session 2024-25
From L.K.G to Class 9th

खबर मन्त्र स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

**SALIENT FEATURES**

- Sprawling building in Lush green, eco-friendly, pollution free environment
- World Class Infrastructure with CCTV Surveillance
- Smart Classrooms with latest computer and projector
- Hi-Tech Computer Labs with internet & Intranet facilities
- Weill Equipped Physics, Chemistry, Biology & Math Labs
- Well Stocked Library with book bank facilities
- Dance, Music and Art & Craft classes

Separate Hostel Facility for Boy's & Girl's
From Class 1st to 10th

*For Admission query, Please visit school office*
Contact No. 9939611966,9403547588, 9709125407
*Email-id:adarsh.vidyalaya2@gmail.com website:- www.adarshvidyalaya.org.in*



# ADMISSION OPEN

खबर मन्त्र स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

LIMITED SEATS
APPLY NOW

## GRIZZLY COLLEGE OF PHARMACY

Recognised by Pharmacy Council of India, Delhi &
Affiliated to Jharkhand State Pharmacy Council, Ranchi

# D.PHARMA

खबर मन्त्र स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

www.grizzlypharmacy.org
pharmacy@grizzlycollege.org

7070098731
06534 357816

Urwan, Jhumritelaiya, Dist. - Koderma (Jharkhand)

# 11 साल बेमिसाल



हमारे इस बर्थडे केक के असली हकदार आप हैं

**खबर मन्त्र**

**परिवार**

मजदूरों के नाम से लाखों रुपए की हुई निकासी लेकिन मजदूरों को मिला सिर्फ खुराकी

# मनिका प्रखंड के बड़काडीह में कूप निर्माण योजना में मजदूरों का पैसा हजम कर गये बिचौलिया

▸▸ लाभुक को नहीं बताया योजना का प्राक्कलन राशि, लाभुक के जगह बिचौलिया कर रहा योजना का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता


निर्माणाधीन कूप व जानकारी देते।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बड़काडीह पंचायत अंतर्गत स्थित आंटीखेता गांव में मजदूरों के नाम से लाखों रुपए निकाल कर गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला आंटीखेता गांव निवासी संदीप उरांव के कूप निर्माण का है। वहीं लाभुक संदीप उरांव की पत्नी ने बताया कि हमारे पति के नाम से कूप निर्माण योजना का लाभ दिया गया है लेकिन कूप का निर्माण पंचायत के मुखिया धनलाल उरांव के भाई मनलाल उरांव के द्वारा करवाया जा रहा है साथ ही मनलाल उरांव का कहना है कि तुम लोगों को सिर्फ कुआं से मतलब है कुआं बनाकर दे दिया जाएगा। वहीं लाभुक की पत्नी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने इस कूप निर्माण में मजदूरी का काम किया है लेकिन हम लोगों को सप्ताह या 15 दिन में सिर्फ खुराकी के लिए 200 से 500 रुपए दिए गए हैं। महीनों का मजदूरी हम लोगों का बकाया है। जिसका भुगतान नहीं किया गया है। वहीं लाभुक की पत्नी ने बताया कि जहां पर कूप का निर्माण करवाया जा रहा है वहां हमारे पुरखों के द्वारा पहले से ही गड्ढा बनाया हुआ था जिसमें अभी सिर्फ मनलाल उरांव के द्वारा साइड से मिट्टी निकलवाया गया है इसके निर्माण में मनलाल उरांव को ज्यादा पैसे भी नहीं लगेंगे। लेकिन मनलाल उरांव बोलते हैं कि कूप निर्माण को फाइनल करने के लिए तुम लोगों को और खुद से पैसे देने होंगे। वहीं लाभुक की पत्नी ने बताया कि यह कूप योजना का प्राक्कलन राशि कितना है यह भी नहीं बताया गया है और नाही योजना स्थल पर कोई बोर्ड लगाया गया है। उन्होंने बताया कि योजना का निर्माण वर्षा ऋतु आने के पूर्व से किया जा रहा था लेकिन इसका काम अधूरा में ही छोड़ दिया गया है और जितने भी मजदूर इस योजना में काम कर रहे थे उनका मजदूरी भी बकाया है। बता दें की लाभुक संदीप उरांव के नाम से कूप योजना निर्माण 2023/24 प्राक्कलन राशि 3 लाख 46 हजार वर्क कोड संख्या 83972 अंतर्गत मास्टर रोल में 86 मजदूर के 498 हाजरी शामिल हैं जिसमें 1 लाख 28 हजार 724 रुपए की निकासी हो चुकी है फिर भी इन मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है उन्हें सिर्फ खुराकी के पैसे दिए गए हैं। ऐसा केवल संदीप उरांव के कूप निर्माण योजना में ही नहीं है बड़काडीह पंचायत के ही निवासी रंजीत उरांव का भी कूप निर्माण हो रहा है जहां पर काम कर रहे हैं मजदूरों को भी सिर्फ खुराकी के लिए ही पैसे दिए गए हैं उनका भी मजदूरी का पूरा भुगतान नहीं किया गया जिससे साफ प्रतीत होता है कि बड़काडीह पंचायत में बिचौलिया गिरी इतना हावी है कि लोग मजदूरों के पेट पर भी लात मारने से बाज नहीं आ रहे हैं।

**इधर-उधर की बात कर टाल दिए मुखिया**

वहीं जब इस विषय पर मुखिया धनलाल उरांव से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने इधर-उधर की बात करके बातों को टाल दिया।

## एक नजर में

### अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार दंपति घायल

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के अमझरिया घाटी में बुधवार की सुबह एक अनियंत्रित बोलेरो जेएच-03-आर-6355 ने विपरीत दिशा से आकर एक बाइक को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद बोलेरो वाहन बाइक को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गयी वहीं बाइक पर सवार पति पत्नी संजय राम पिता स्व. सूरज राम व शारदा देवी (बारी सतबरवा) गम्भीर रूप से घायल हो गए। इधर दुर्घटना के बाद दूसरे बाइक पर साथ जा रहे लोगो ने दोनो घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनो की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि रिम्स ले जाने के क्रम में बाइक चला रहे संजय राम ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार दोनो पति-पत्नी बाइक से सतबरवा से रांची किसी काम से जा रहे थे, इसी दौरान उक्त हादसा हुआ। इधर घटना के बाद बोलेरो वाहन सवार लोग वाहन को छोड़कर फरार हो गए। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंचकर वाहन को जब्त करते हुए अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। विदित हो कि विगत 4 दिनों से चंदवा में सड़क का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। बेकाबू रफ्तार के कहर से होने वाली दुर्घटनाओं में अबतक 3 लोगो की मौत व लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए है।

### मुहर्रम त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न


बैठक करते अधिकारी।

**चंदवा।** चंदवा थाना परिसर में बुधवार को मुहर्रम त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रंधीर कुमार ने की। उन्होंने उपस्थित तमाम लोगों से आपसी मेलजोल के साथ मुहर्रम का त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपसी वैमनस्यता भुलाकर हम अपने अपने पर्व को मनावे। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के भ्रामक पोस्ट को नही भेजने व फॉरवर्ड नहीं करने की बात कही। ऐसे लोगों पर स्पष्ट कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। उपस्थित लोगों ने भी बारी-बारी से अपनी बात रखी। उन्होने मुहर्रम कमिटी के लोगो से जुलूस के समय सारिणी को लेकर चर्चा की। सभी मुहर्रम कमिटी को अपने लाइसेंस को रिनवल करा लेने का निर्देश दिया। मौके पर मुखिया फुलजेन्सिया टोप्पो पुअनि रविन्द्र कुमार सिंह पुअनि आनंद कुमार रवि पुअनि कृष्णा मुंडा पुअनि ललन कुमार सअनि बीरेंद्र, पूर्व उपप्रमुख हाजी फिरोज अहमद, असगर खान, दीपू कुमार सिन्हा, बिनोद कुमार गुड्डु, निर्मल भारती, बाबर खान, मो आफदाल, बबलू खान, सन्दीप टोप्पो समेत कई लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की मडुआ और आलू चिप्स प्रसंस्करण की शुरुआत




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया बाजार समिति परिसर में बुधवार को आलू चिप्स और मडुआ प्रसंस्करण इकाई का पूजा अर्चना कर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने इसका विवित शुरुआत किया। पूजा में शामिल इकाई की दीदियों को बधाई देते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रोडक्शन में गुणवत्ता बरकरार रखें, आने वाले दिनों में यहां का आलू चिप्स और मडुआ का प्रोडक्ट कोडरमा जिले की अलग पहचान बनाने में मदद करेगी। उन्होंने प्रसंस्करण इकाई की दीदियों को कार्य को लेकर प्रोत्साहित किया। साथ ही विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों को कई दिशा निर्देश दिया। इसके पूर्व सिद्धिदात्री आहार के प्रतिनिधि ने लैब से संबंधित उपकरणों और जांच के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं एफपीओ की दीदी के द्वारा इकाई का परिचालन कर चिप्स का उत्पादन किया। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, जेएसएलपीएस के डीपीएम जेवियर एक्का, पणन सचिव अभिषेक आनन्द समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सम्पूरक माध्यमिक परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

कोडरमा। सम्पूरक माध्यम परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा को लेकर जिले में दो केंद्र गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया और परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा को केंद्र बनाया गया था, जिसमें गांधी उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में प्रथम पाली में संस्कृत और द्वितीय पाली में अंग्रेजी की परीक्षा ली गई। वहीं संस्कृत की परीक्षा में 5 में से 4 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि एक अनुपस्थित रहा। वहीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 22 परीक्षार्थी शामिल हुए और दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह परियोजना बालिका उच्च विालय में प्रथम पाली में अंग्रेजी कोर व हिंदी तथा द्वितीय पाली में भूगोल/इतिहास की परीक्षा ली गयी। अंग्रेजी व हिंदी कोर विषय की परीक्षा में 8 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 3 अनुपस्थित रहे। वहीं भूगोल/इतिहास विषय की परीक्षा में 8 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि एक अनुपस्थित रहा।

### मनरेगा संघ जिला इकाई का दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मी संघ प्रदेश कमेटी के अहवाहन पर मनरेगा संघ जिला इकाई द्वारा समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धरना के माध्यम से झारखंड सरकार द्वारा मनरेगा कर्मियों के संविदा संवाद में किए गए आश्वासन के अंतर्गत स्थाईकरण करने का वादा हेमंत सरकार द्वारा किया गया था, मगर सरकार के कार्यकाल का साढ़े चार वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद भी स्थाईकरण के वायदे को अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। राज्य में लगभग साढे 5000 मनरेगा कर्मी है, जिसमें बीपीओ एई, जेई, कंप्यूटर सहायक, लेखा सहायक व ग्राम रोजगार सेवक है। सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में मनरेगा कर्मियों में काफी रोष है। मौक पर मिथिलेश कुमार, विजय राय, राकेश रंजन, रामशरण कुमार, विकास कुमार सिंह, राजकुमार दास, वसंत कुमार शर्मा, इंद्रदेव राम, मंजूर अंसारी, राजीव कुमार शर्मा, दिनेश मिश्रा, शिव ठाकुर, इरफानुल हक एवं जिला के सभी विंग के मनरेगा कर्मी ारना में शामिल हुए।

## स्पीड न्यूज

### पारा शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री का किया स्वागत


स्वागत करते शिक्षक।

**चंदवा।** प्रखंड के पारा शिक्षकों ने राज्य के नए शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम को मंत्री बनने के बाद रांची से लौटने के क्रम मे चंदवा डकबंगला मे प्रदेश सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद की अगुवाई मे माला पहना कर स्वागत किया। सहायक अध्यापकों ने उम्मीद जताया की वर्षो पुरानी मांग वेतनमान को लागू कर राज्य के 62000 पारा शिक्षकों को सौगात देंगे, मंत्री वैद्यनाथ राम पूर्व मे भी शिक्षा विभाग संभाल चुके है, काफी अनुभवी है और इस सरकार से काफी उम्मीद है। चुनाव पूर्व किये वादा राज्य के पारा शिक्षकों को पुरा करेंगे। बधाई देने वालो में प्रखंड सचिव गोविंदा कुमार, प्रखंड संरक्षक सत्यवान कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष जगदीश उरांव, बिगन राम, गंगेश्वर राम, श्याम उरांव, शिव बालक राम, चंद्रदेव सिंह, सूरज प्रकाश, त्रिवेणी गोप, अभिमन्यु प्रसाद मेहता, विजय यादव, बाल्मीकि कुमार, प्रकाश गोप, इम्तेयाज आलम, बिनोद राय, विभा देवी समेत अन्य शामिल हैं।

### मंत्री सत्यानन्द भोगता का आज चतरा आगमन



**चतरा।** झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानन्द भोगता पंचम विधानसभा में पांचवीं बार कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार आज 11 जुलाई को चतरा पहुँचेंगे। अपने चतरा प्रवास के दौरान सर्वप्रथम मंत्री श्री भोगता चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित विश्वप्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर देश प्रदेश में सुख शांति समृद्धि की कामना करेंगे। इसके उपरांत जिले में कई स्थानों पर आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे।

### बिना काम कराए निकाली गई राशि, डीसी ने दिए जांच के आदेश

**चतरा।** जिले में सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। प्रतापपुर प्रखंड के योगियारा पंचायत के बामी गांव में नाली और पनसोखा निर्माण के नाम पर 93622 हजार रुपए की अवैध निकासी की गई है। पंचायत के पूर्व मुखिया पति बसंत पासवान ने बताया कि उनके पंचायत के विभिन्न गांव में कई ऐसी योजनाएं हैं जिनमें व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। 15वें वित्त आयोग की राशि के तहत पनसोख और नालों का निर्माण करवाना था, लेकिन बिना नाला का निर्माण किए सरकार के पैसे का उठाव कर लिया गया है। चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि इस मामले की जानकारी मिली है और जिला प्रशासन हर पहलू पर जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करेगा।

### कार्यालय में देरी से आने पर कर्मियों का फूल देकर स्वागत

**सिमरिया।** प्रखंड सह अंचल कर्मियों एवं पदाधिकारियों के 10 बजे कार्यालय नहीं पहुंचने पर प्रमुख एवं विभिन्न पंचायत समितियों ने फूल देकर स्वागत किया। प्रमुख रोहन साहू ने बताया कि ₹लेट आओ फुल लो₹ कार्यक्रम इसलिए चलाया गया क्योंकि प्रखंड सह अंचल कर्मी एवं पदाधिकारी कार्यालय के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते थे, कोई ग्यारह तो कोई बारह बजे कार्यालय पहुंचते थे। कर्मियों के देर से आने के कारण प्रखंड सह पंचायत के लोगों को कार्यालय में आकर चक्कर लगाना पड़ता था। इसी उद्देश्य से कार्यालय ससमय पर पहुंचने को लेकर फूल देकर स्वागत किया गया ताकि लोग कुछ शर्मिंदा होकर समय पर कार्यालय पहुंचे और आम लोगों का काम समय अनुसार हो जाए। इस कार्यक्रम में परमेश्वर यादव, गणेश सिंह, ऐनुल हक, मिथुन रजक के अलावा दर्जनों पंचायत समिति मौजूद थे।

मां उग्रतारा नगर मंदिर में मत्था टेक विधायक ने लिया मां का आशीर्वाद

# अपना पूरा समय ऊर्जा क्षेत्र व राज्य के विकास में लगाऊंगा: वैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता


मंदिर पररिसर में उपस्थित मंत्री बैद्यनाथ राम।

**चंदवा।** हेमंत सोरेन सरकार में नई मंत्रिमंडल विस्तार होने के बाद तीसरी बार कैबिनेट मंत्री के रूप शपथ लेने के बाद बुधवार को सूबे के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विशेष पूजन किया व मत्था टेक कर मां का आशीर्वाद लिया साथ ही राज्य की तरक्की, समृद्धि, शांति सहित आपसी भाईचारा बनी रहने का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा कि मां उग्रतारा मंदिर के प्रति उनकी गहरी आस्था है, जब भी माता के दरबार में हाजरी लगाई है, हर मन्नत पूरी हुई है। आगे कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में मुझे बड़ा दायित्व मिला है, मैं अपना पूरा समय व ऊर्जा क्षेत्र व राज्य के विकास में लगाऊंगा। आगे कहा कि काफी उतार चढ़ाव के बाद भी राज्य सरकार ने विकास में कीर्तिमान स्थापित किया है, इसे आगे और गति दिया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जेएमएम जिला सचिव समसुल होदा, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, मनोज चौधरी, सितमोहन मुंडा, रंजीत उरांव, रिंकु कच्छप, चंदन कुमार, दीपक कुमार, आनन्द पासवान, रंजित कुमार, विकास कुमार, मो मोनाजिर, बबलु राही, वारिश अंसारी, शमशुल खान, मो. सरफराज, औरंगजेब खान, राजेश यादव, शुभम गुप्ता, अशोक यादव, हरी प्रसाद, शमीम, दीपू गंझू, अरसेन तिर्की, विनोद कुमार, छोटू समेत कई लोग मौके पर उपस्थित थे।

### वन विभाग द्वारा आरएमआर कॉलेज परिसर में चलाया गया वृक्षारोपण


वृक्षारोपण करते अधिकारी।

बरवाडीह। बरवाडीह वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरे वन क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ओर कदम आगे बढ़ते हुए गुरुवार को पलामू व्याघ्र परियोजना उत्तरी प्रमंडल मेदिनीनगर के अंतर्गत छिपादोहर पश्चिमी वन प्रक्षेत्र बरवाडीह के तत्वाधान में प्रखंड के राजा मेदनीराय इंटर कॉलेज परिसर में पोधारोपण कार्यक्रम किया गया। पौधारोपण की शुरूआत उपनिदेशक पलामू व्याघ्र परियोजना उत्तरी प्रमंडल प्रजेश कांत जेना, वन क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। जिसमें पूरे कॉलेज परिसर में सागवान, महोगनी आम सहित कुल 101 फलदार व अन्य पौधे लगाए गए। इस दौरान उन्होंने पौधों की नियमित रखरखाव एवं उसके बचाव हेतु स्थानीय लोगों और छात्र- छात्राओं को जागरूक किया गया जिससे लगाए वृक्षों को संरक्षित कर बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर कॉलेज के सभी छात्रों सभी कर्मचारी एवं छिपादोहर पश्चिमी प्रक्षेत्र के समस्त वनकर्मी उपस्थित रहे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी।

**लातेहार।** उपायुक्त सह अध्यक्ष, आत्मा लातेहार गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आत्मा, लातेहार द्वारा संचालित एग्रीकल्वर एक्सटेंशन योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत प्रशिक्षण, परिभ्रमण, प्रत्यक्षण, किसान गोष्ठी, कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन कार्यक्रम एवं कृषक पाठशाला आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन- धान, दलहन, तेलहन, कोर्स सिरीयल एवं न्यूट्री सिरीयल के वार्षिक कार्य योजना के विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में एग्रीकल्वर एक्सटेंशन योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अन्तर्गत किये गये गतिविधिवार कार्यों के बारे में चर्चा की गयी, तदोपरान्त किये गये कार्यों की सम्पूष्टि प्रदान की गयी। उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, आत्मा, लातेहार द्वारा निर्देश दिया गया कि योजना के मार्गदर्शिका के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में अमृतेश कुमार सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, डॉ. प्रमोद कुमार, वरीय वैज्ञानिक, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी, पलामू डॉ. महेशचन्द्र जेरई, वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बालुमाथ, विनोद उरॉव, जिला परिषद सदस्य, सविता उरॉव, उप परियोजना निदेशक, आत्मा, बलबीर सिंह, जिला परामर्शी, एनएफएसएम, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

## डॉ अवधेश सिंह की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस को लेकर मीडिया ब्रिफिंग का किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता


ब्रिफिंग करते सीएस।

**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ० अवधेश सिंह की अध्यक्षता में विश्व जनसंख्या दिवस अभियान 11 जुलाई के संबंध में मीडिया ब्रिफिंग का आयोजन किया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जनसंख्या स्थिरता अभियान 2024 के क्रियान्वयन हेतु विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में विशेष अभियान 31 जुलाई 2024 तक चलाई जायेगी। विकसित भारत की नई पहचान परिवार नियोजन हर दम्पति की शान उपरोक्त थीम का प्रचार-प्रसार ग्राम स्तर पर किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री जे० पी० नड्डा, भारत सरकार का आनलाईन संबोधन अपराह्न 12:00 बजे सदर अस्पताल प्रांगण के कार्यक्रम स्थल पर प्रसारित किया जायेगा। 11 जुलाई को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी प्रखण्ड स्तर पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। अभियान को सफल बनाने हेतु ग्राम स्तर पर सहिया बहनों के द्वारा परिवार नियोजन के कार्यक्रम के संबंध में आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। जिले अंतर्गत सभी प्रखण्डों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। जिले में सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्रों में महिला बंध्याकरण ऑपरेशन की व्यवस्था की गयी है। दिनांक 15 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चंदवा में लेपरोस्कोपी विधि के माध्यम से भी महिला बंध्याकरण किया जायेगा।

### मोटरसाइकिल से गिरकर दो महिला समेत एक युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ पर बरछिया ग्राम के पास मोटरसाइकिल से गिरकर दो महिला समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सचिन कुमार 25 वर्ष पिता विजय तुरी ग्राम सलगी सीमा देवी 35 वर्ष पति विजय तुरी शांति देवी 60 वर्ष पति मोहन तुरी ग्राम सलगी जबरा थाना सिमरिया निवासी तीनो एक मोटरसाइकिल में सवार होकर टंडवा से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर वापस लौट रहे थे।

# ट्रांसपोर्टर के साथ हुई वार्ता विफल, 16 से भूख हड़ताल पर जाएंगे ट्रक मालिक

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर मौजूद लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखण्ड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में विस्थापित-प्रभावित ट्रक ऑनर एशोसिएशन द्वारा दिये जा धरने के तीसरे दिन ट्रक मालिको एव ट्रांसपोर्टरों के बीच हुई वार्ता विफल रही। मगध परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायण के द्वारा पत्र जारी कर सभी ट्रांसपोर्टर को कहा गया था कि ट्रक मालिको के साथ वार्ता करे लेकिन विभिन्न कंपनियों के ट्रांसपोर्टर की जगह लिफ्टर वार्ता के लिए पहुंचे। जिस कारण वार्ता विफल रही। मौके पर बोलते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे बालूमाथ में उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि अगर विभिन्न कंपनियों के डीओ होल्डर, ट्रांसपोर्टर आगामी 15 जुलाई तक वार्ता के लिए नही आते है तो सभी ट्रक मालिक 16 जुलाई से भूख हड़ताल पर बैठेंगे और 10 नम्बर बैरियर के पास टेंट लगाकर धरना में बैठ जाएंगे। इसके अलावा ऐशो०द्वारा निर्धारित किया गया कि वर्ष 2018 का भाड़ा के अलावा पेपर खर्च नही लेना है। अनलोडिंग के नाम पर अधिकतम 700 रुपये, 500 रुपया ऑफिस खर्च, टीडीएस का पैसा ऑनलाइन काटना है। भाड़ा चिट्ठी में भाड़ा दर्ज करना है। संगठन द्वारा जिन गाड़ी को सीरियल किया गया है। वैसे ही गाड़ी को फॉर्मेट एलाउ करना है। जिन ट्रांसपोर्टर द्वारा 700 से अधिक अनलोडिंग लगेगा उनका भाड़ा लिस्ट से 50 रुपया अधिक कर दिया जाएगा। सभी ट्रांसपोर्टर को मगध में काम करने से पूर्व ट्रांसपोर्टर चेक देना होगा। ताकि वे किसी ट्रक मालिक का भाड़ा नहीं खा सके। वहीं बालूमाथ ट्रक ऑनर एशोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा कि अगर ट्रांसपोर्टर पेपर खर्च के नाम पर अवैध उगाही बंद नही करते है। तो इसकी शिकायत ईडी से किया जाएगा और हाइकोर्ट में पीआईएल दाखिल किया जाएगा। इसके अलावा शंभू साव,मिथुन कुमार,सतनारायण प्रसाद, त्रिवेणी साव, राजेश राम, पाली महतो समेत कई लोगो ने अपना-अपना विचार रखा और ट्रक मालिको अपने हक की लड़ाई में एकजुट रहने की बात कही। मौके पर कुलदीप सुनील यादव, राजेन्द्र राम, रंजन यादव, रंजीत यादव, संजय साव, पंकज केसरी, पंकज सिन्हा, अरुण केसरी मो. शमीम, अजित कुमार, रोहित कुमार, कमलेश सिंह, राहुल अग्रवाल, नीरज कुमार, मो. शाहिद, मो. सद्दाम, गोविंद यादव, सोनू कुमार, गिरेन्द्र यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## बिहार समेत 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों उपचुनाव

# उत्तराखंड- बंगाल में हिंसा, करीब 63 फीसदी मतदान

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बाद बुधवार को बिहार की रूपौली समेत 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के दौरान वोटिंग में उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में हिंसा हुई। बाकी जगहों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। अब 13 जुलाई को चुनाव के नतीजे आयेंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह शाम छह बजे तक जारी रहा। संसदीय चुनाव के बाद, पहली बार हो रही चुनावी प्रक्रिया में कई दिग्गज और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर सहित पहली बार चुनाव लड़ रहे कुछ और उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मौजूदा सदस्यों की मृत्यु हो जाने या उनके इस्तीफे के कारण रिक्तियां होने के चलते ये उपचुनाव हो रहे हैं। उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल को छोड़कर बाकी राज्यों में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

**पश्चिम बंगाल में हिंसा :** पश्चिम बंगाल के बगदाह और रानाघाट दक्षिण में भी चुनाव के दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर उसके बूथ एजेंटों पर हमला करने और उम्मीदवारों को कुछ मतदान केंद्रों पर जाने से रोकने का आरोप लगाया है। भाजपा ने घटनाओं को लेकर निर्वाचन आयोग में शिकायत भी दर्ज करायी है।



### उत्तराखंड में झड़प

उत्तराखंड के मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प में चार लोग घायल हो गये। कांग्रेस उम्मीदवार और पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन ने भाजपा पर नफरत के बीज बोकर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया। सूत्रों के अनुसार मतदान केंद्र पर हिंसा उस समय भड़की जब कुछ लोग बूथ में घुस गए और लोगों को वोट डालने से रोकने लगे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता यशपाल आर्य और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद समेत ई नेताओं ने घटना की निंदा की है। मंगलौर में बसपा के विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। बद्रीनाथ में कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हो गयी थी। बद्रीनाथभाजपा में शामिल हो गये हैं।


### कहां कितनी वोटिंग


बिहार की रूपौली में 51.14 फीसदी। हिमाचल के नालागढ़-51 में 75.22 फीसदी। हिमाचल प्रदेश के देहरा-10 में 63.89 फीसदी। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर-38 में 65.78 फीसदी। मध्य प्रदेश के अमरवाड़ा में 72.89 फीसदी। पंजाब के जालंधर में 51.30 फीसदी। तमिलनाडु के विक्रावांडी में 77.73 फीसदी। उत्तराखंड के बद्रीनाथ-4 में 47.68 फीसदी। उत्तराखंड के मंगलोर-33 में 67.28 फीसदी। पश्चिम बंगाल रणघाट में 65.37 फीसदी। पश्चिम बंगाल के बगदा-94 में 65.15 फीसदी। पश्चिम बंगाल के रायगंज- 35 में 67.12 फीसदी। पश्चिम बंगाल के मानिक टोला में 51.39 फीसदी।

**हिट एंड रन मामला**

### आरोपी पुलिस हिरासत में, पिता शिवसेना से बर्खास्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक अदालत ने बुधवार को बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मिहिर शाह (24) को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। दो दिन पहले उसने कथित तौर पर अपनी बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था। बुधवार को उसे मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवरी कोर्ट) एसपी भोसले के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत से कहा कि यह एक 'क्रूर, हृदयहीन अपराध' है। उन्होंने कहा कि आरोपी को अधिकतम हिरासत में रखा जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें यह जांच करनी है कि उसे भागने में किसने मदद की और साथ ही कार की नंबर प्लेट भी अभी तक बरामद नहीं हुई है।मिहिर कथित तौर पर बीएमडब्ल्यू कार चला रहा था, जिसने रविवार सुबह मुंबई के वर्ली इलाके में कावेरी नखवा (45) को टक्कर मार दी और उनके पति प्रदीप को घायल कर दिया. पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार कार ने कावेरी नखवा को करीब 1.5 किलोमीटर तक घसीटा, उसके बाद मिहिर ने कार रोकी, अपने ड्राइवर राजर्षि बिदावत के साथ सीट बदली और दूसरी गाड़ी में भाग गया। कथित तौर पर ड्राइवर ने इटह को पीछे करते समय उसे कुचल दिया। मिहिर के पिता राजेश शाह, पालघर जिले से शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता हैं। पुलिस के अनुसार, उन्होंने दुर्घटना के बाद मिहिर को भागने में सक्रिय रूप से मदद की।




# आपदाओं से नुकसान

**मा**नसून की त्रासदी सहित पूरे देश में जल प्रलय की स्थिति बनी है। अनावृष्टि और अतिवृष्टि को सही ढंग से समझ पाना आसान नहीं है। आम लोगों के जान-मान की हानि पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। वैसे यानी आग लगने पर कुआं खोदने की प्रवृत्ति पूरे देश में बनी हुई है। देश के शहरी व ग्रामीण स्थानीय निकायों में कमोबेश यही स्थिति है। निकायों को संचालित करने वाले जनप्रतिनिधि राजनीतिक क्रियाकलापों में तो बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं लेकिन जन-समस्याओं के प्रति संवेदनशील नजर नहीं आते। बड़े शहरों में जलभराव से जीवन नारकीय हो जाता है क्योंकि तमाम कायदे-कानूनों को ताक पर रखकर बस्तियों के निर्माण की अनुमति दी जाती है, जो जल प्रवाह के प्राकृतिक मार्ग को अवरुद्ध कर देते हैं। दिल्ली से लेकर असाम तक स्थिति चिंताजनक है। जब जल भराव का संकट गहरा जाता है तब समस्या दूर करने के लिये हाथ-पैर मारने शुरू किये जाते हैं। दरअसल, बढ़ती आबादी और अनियोजित निर्माण के चलते यह संकट गहरा होता जा रहा है। आने वाले समय की चुनौतियों के मुकाबले के लिये नियोजन कहीं नजर नहीं आता। देश में स्मार्ट शहर बनाने का शोर मीडिया में तो तैरता रहा है, लेकिन हकीकत के धरातल पर ये कहीं नजर नहीं आता। विडंबना ही है कि तंत्र की यह संवेदनहीनता शहरी व ग्रामीण स्तर पर बराबर नजर आती है। लेकिन संवेदनहीन तंत्र की कारगुजारियों के चलते प्राकृतिक आपदा के संकट से राहत तब मिलती है, जब कि राहत बेमानी हो जाती है। शहरी व ग्रामीण परिवेश में किसी भी समस्या का पूर्व आकलन किया जाये और विषम परिस्थितियों में तुरंत राहत पहुंचायी जाये। साथ ही संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाये। यदि वे अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल होते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान हो।

# कश्मीर में आतंक

**पा**किस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू किया जा रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में दखल दे सकते हैं। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है। वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे, अब की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं। केंद्र सरकार विचार करे कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद क्या वाकई घाटी में स्थिति सामान्य हो पायी है?

# मजदूरों के कानून में उनका हित भी रहे

लेबर कोड को बनाने के पीछे सरकार की मंशा श्रम कानूनों को सरल करने की थी, जिससे कि देश के उद्यमियों के लिए श्रमिकों को रोजगार देना आसान हो जाए और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अधिक संख्या में रोजगार उत्पन्न हो सकें।

लेबर कोड के प्रावधानों में कुछ श्रमिकों के पक्ष में हैं तो कुछ उनके विपरीत हैं। जैसे यदि किसी श्रमिक को कोई आरोप लगाकर मुअत्तल किया जाता है तो अब व्यवस्था कर दी गयी है कि 90 दिन में उसकी जांच पूरी की जायेगी। पूर्व में ग्रेच्युटी कई वर्षों के बाद लागू होती थी, जिसे अब एक वर्ष के बाद लागू कर दिया गया है। अल्पकाल के लिए रखे गये श्रमिकों को अब वे सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जो स्थाई श्रमिकों को उपलब्ध हैं। ये प्रावधान श्रमिकों के हित में हैं इसके विपरीत उद्यमों को बंद करने अथवा श्रमिकों की छंटनी करने के लिए पूर्व में 100 से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली कम्पनियों के लिए सरकार से अनुमति लेनी जरूरी थी। अब इसे 300 से अधिक श्रमिकों को रोजगार देने वाली कम्पनियों पर लागू किया गया है। 100 से 300 श्रमिकों को रोजगार देने वाली कम्पनियों को सरकार से अनुमति लेने से मुक्त कर दिया गया है। यह श्रमिकों के विपरीत है। इस प्रकार नया लेबर कोड मिश्रित है।


देखना यह है कि नये लेबर कोड से रोजगार उत्पन्न करने को कितना प्रोत्साहन दिया जाएगा? इसके लिए हमें समझना होगा कि उद्यमी द्वारा रोजगार किन परिस्थितियों में उत्पन्न किये जाते हैं।

उद्यमी को सस्ता माल बनाना होता है, जिससे कि वह बाजार में अपना माल बेच सके। सस्ता माल बनाने के लिए जरूरी है कि वह उत्पादन में श्रम की लागत को कम करे। उसके लिए जरूरी है कि वह श्रम की उत्पादकता बढ़ाये, यानी एक श्रमिक से ही पूर्व की तुलना में अधिक उत्पादन कराए। जैसे एक श्रमिक पूर्व में 10 मीटर कपड़ा एक दिन में बुनाई करता था वही श्रमिक यदि अब 20 मीटर कपड़ा बुनाई करने लगे तो उद्यमी की उत्पादन लागत कम हो जाती है और वह बाजार में अपने सस्ते माल को बेच पाता है।

लेकिन अधिक उत्पादन करने के कारण अब कम श्रमिकों की जरूरत पड़ती है। मान लीजिये पूर्व में उद्यमी प्रतिदिन 100 मीटर कपड़ा एक दिन में बेच पाता था और वह 10 मीटर प्रति श्रमिक की दर से 10 श्रमिकों को रोजगार देता था। उत्पादकता बढ़ाने के बाद उसी 100 मीटर कपड़े का उत्पादन करने के लिए अब 20 मीटर प्रति श्रमिक की दर से उसे केवल पांच श्रमिकों की जरूरत होगी। इस प्रकार सस्ते माल और रोजगार के बीच सीधा अन्तर्विरोध है। यदि माल सस्ता बनाते हैं तो रोजगार कम होते है।

चीन का माडल इससे भिन्न था जो विशेष परिस्थितियों में लागू हुआ था। चीन ने श्रमिक की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ अपने बाजार का भारी विस्तार किया। जैसे मान लीजिये पूर्व में चीन में एक श्रमिक 10 मीटर कपड़े की बुनाई करता था, उत्पादकता बढ़ाने के बाद वह 20 मीटर कपड़ा बुनने लगा। लेकिन इसी अवधि में चीन का बाजार 100 मीटर से बढ़कर 400 मीटर हो गया तो 400 मीटर कपड़े का उत्पादन करने के लिए बढ़ी हुई उत्पादकता के बावजूद 20 श्रमिकों की जरूरत पड़ेगी। 20 श्रमिक 20 मीटर कपड़ा प्रतिदिन बुनेंगे तब 400 मीटर कपड़े का उत्पादन होगा। इस प्रकार यदि बाजार का भारी विस्तार होता रहे तो श्रमिक की उत्पादकता के बढ़ने के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ सकते हैं। लेकिन यह विशेष परिस्थिति थी जब चीन ने विश्व बाजार पर अपना प्रभुत्व बनाया था। यदि बाजार का तीव्र विस्तार न हो तो उत्पादकता बढ़ने के साथ-साथ रोजगार के बढ़ने की संख्या निश्चित रूप से घटेगी।





- भरत झुनझुनवाला

> पश्चिमी देशों में उद्यमी को छूट है कि वह अपनी मर्जी से श्रमिकों को रख सकता है अथवा बर्खास्त कर सकता है। इसलिए पश्चिमी देशों में उद्यमी के लिए कुशल श्रमिक को रखना और अकुशल श्रमिक को बर्खास्त करना, दोनों ही आसान हैं। श्रम कानून में इस दिशा में कोई सुधार नहीं किया गया है। इसलिए यह लेबर कोड नये रोजगार उत्पन्न करने में सहायक नहीं होगा। उद्यमी अधिकाधिक मशीनों का उपयोग करते रहेंगे और हमारे श्रमिकों के रोजगार के अवसर घटते ही जायेंगे।

कटु सत्य यह है कि यदि श्रम की उत्पादकता बढ़ाई जाती है तो सीमित बाजार होने के कारण रोजगार घटते हैं और यदि श्रम की उत्पादकता नहीं बढ़ाई जाती है तो उद्यमी के लिए श्रम के स्थान पर मशीन का उपयोग करना लाभप्रद हो जाता है और पुनः रोजगार में गिरावट आती है। इन दोनों कठिन विकल्पों के बीच हमें श्रम की उत्पादकता तो बढ़ानी ही पड़ेगी। यदि श्रम की उत्पादकता नहीं बढ़ाई जायेगी तो उद्यमी स्वचालित मशीनों का उपयोग करेगा और श्रमिक पूरी तरह बाजार से बाहर हो जाएगा।

श्रम की उत्पादकता बढ़ाने के दो प्रमुख उपाय हैं। एक यह कि उत्तम मशीनों का उपयोग किया जाये, जिससे कि उसी कुशलता के स्तर का श्रमिक अधिक उत्पादन कर सके। दूसरा यह है कि श्रमिक की कुशलता में विस्तार किया जाए। अक्सर उद्योगों में देखा जाता है कि श्रमिक पूरी तत्परता और मनोयोग से काम नहीं करते। वर्तमान श्रम कानून में व्यवस्था है कि यदि कोई उद्यमी श्रमिक को बर्खास्त करना चाहे तो उसे प्राकृतिक न्याय के अनुरूप उसकी सुनवाई करनी होती है और उसके बाद श्रम न्यायालय में उसका विवाद चलता है, जिस भय के कारण उद्यमी अक्सर श्रमिक को रखना ही नहीं चाहते। लेबर कोड ने श्रम कानून की इस बाधा को दूर नहीं किया है।

पश्चिमी देशों में उद्यमी को छूट है कि वह अपनी मर्जी से श्रमिकों को रख सकता है अथवा बर्खास्त कर सकता है। इसलिए पश्चिमी देशों में उद्यमी के लिए कुशल श्रमिक को रखना और अकुशल श्रमिक को बर्खास्त करना, दोनों ही आसान हैं। श्रम कानून में इस दिशा में कोई सुधार नहीं किया गया है। इसलिए यह लेबर कोड नये रोजगार उत्पन्न करने में सहायक नहीं होगा। अपने देश के श्रमिक चीन आदि देशों के श्रमिकों की तुलना में अकुशल हैं और उनकी कुशलता में सुधार करने के लिए लेबर कोड असफल है। ऐसे में अपने देश में श्रम की उत्पादकता न्यून स्तर पर बनी रहेगी, उद्यमी अधिकाधिक मशीनों का उपयोग करते रहेंगे और हमारे श्रमिकों के रोजगार के अवसर घटते ही जायेंगे। इस दिशा में लेबर कोड में मूल चिन्तन बदलने की जरूरत है।

(लेखक आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ हैं।)

## खास बात

### कौन पढ़ता है?

**कुसुम पी**

**सोशल** मीडिया के कोलाहल के बीच नई पीढ़ी के बच्चों में किताबों के प्रति कम होता सम्मोहन गंभीर चिंता का विषय है। ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूली पाठ्यक्रम की पुस्तकों तक सीमित होते चले गये हैं। बस्ते का बोझ उन्हें विभिन्न विषयों की पुस्तकें पढ़ने का अवसर कम देता है। वहीं शिक्षकों ने भी यह जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई कि वे नयी पीढ़ी को विषय से अतिरिक्त पुस्तकों को पढ़ने के लिए प्रेरित कर सकें। विडंबना यह भी कि समाज के संपन्न तबके व नीति-नियंताओं की संतानें महंगे पब्लिक स्कूलों की ओर उन्मुख हो गईं। वहां यदि पुस्तकों का रुझान रहा भी है तो विदेशी लेखकों की पुस्तकों को तरजीह दी गई, जिनमें परिवेश विदेश का है, संस्कार विदेश के हैं और जीवनशैली तथा नायक भी विदेश के हैं। हो सकता है आने वाले वक्त में किसी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी का प्रश्न होगा कि प्रेमचंद कौन हैं? ऑनलाइन गेम्स और आभासी दुनिया के प्रतिनिधि सोशल मीडिया में सेल्फी संस्कृति व कृत्रिम लोक व्यवहार में डूबी पीढ़ी को भारतीय साहित्य व विभिन्न विधाओं की पुस्तकें पढ़ने का वक्त मिलेगा कहना कठिन है। लेकिन फिर भी हमारी कोशिश होनी चाहिए कि भारतीय माटी और मातृभाषा में रचे गये साहित्य से भी नई पीढ़ी रूबरू हो। इसकी पहल शिक्षकों, अभिभावकों व हमारे नीति-नियंताओं को करनी चाहिए। ऐसे में पढ़ने-लिखने के संस्कार विकसित करने की दिशा में हिमाचल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर की वह पहल प्रेरक है, जिसमें वे खुद स्कूलों में जाकर बच्चों को पाठ्यक्रम से अलग पुस्तकें भेंट करते हैं और उनमें पढ़ने-लिखने के संस्कार विकसित कर रहे हैं। देश, समाज और संस्कृति के लिये महान योगदान देने वाले नायकों का जिक्र है। राज्यपाल न केवल पुस्तकें देते हैं बल्कि खुद उनकी प्रतिक्रिया भी आमंत्रित करते हैं। एक छात्र ने उन्हें पत्र लिखकर बताया कि उसे नहीं मालूम था कि पाठ्यक्रम से इतर पुस्तकें भी उन्हें पढ़नी चाहिए।निस्संदेह, पुस्तकें विद्यार्थियों की दृष्टि को समृद्ध करती हैं। एक पुस्तक में कालखंड व जीवन के घनीभूत अनुभवों का समावेश होता है।

**रिम्स,** रांची के शासी परिषद की 58वीं बैठक में शामिल हुआ। इसकी अध्यक्षता झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी ने की। मैंने यह सुझाव दिया कि रिम्स बेहतर सेवाएं दे सके, उसके लिए हम रिम्स को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराएं। इस दिशा में सकारात्मक रूप से कार्य करना चाहिए।

**– संजय सेठ, केन्द्रीय राज मंत्री**

## आपके ट्वीट

**जम्मू** कश्मीर के कठुआ में आतंकियों द्वारा छुपकर किए गए कायराना हमले में शहीद हुए हमारे वीर सैनिकों को सलाम और विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र की रक्षा के लिए आपका यह बलिदान हम भारतवासी सदैव याद रखेंगे।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**क्रेमलिन** मे रुस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ देश के विभिन्न सहयोग विषयों पर बातचीत की। बातचीत बड़ा सकरात्मक और सहयोगात्मक रहा। देश के विकास के लिय समर्पित रहा।

**– नरेन्द्र मोदी**

# प्रवृत्ति

## धर्म-प्रवाह

**अभिजीत**

ऋषियों ने रात्री को देवी रूप दिया। रात के वक्त मन को सदा व्यस्त रखने वाले विचार शांत रहते हैं और कई तरह की नई कल्पनाएं मन में आती हैं।

दूसरी ओर, रात का अंधेरा शिकार करनेवाले जीवों और गलत प्रवृत्ति के इंसानों को पसंद आता है। इन शिकारी जीवों और दुर्जनों से रक्षा करने की प्रार्थना इस सूक्त में है। ऐसा माना जाता है कि हर तरह के सौंदर्य से निखरीं देवी रात्री अपने नक्षत्रों के तेज से अंधेरे का विध्वंस करती हैं और अपने भक्तों की रक्षा करती हैं।

3. राका यास्ते राके सुमतयः सुपेशसो याभिर्ददासि दशुषे वसूनि। ताभिर्नो अद्य सुमना उपागहि सहस्त्रपोषं सुभगे रराणा।।

राका का मतलब है पूनम की रात। पूनम की रात का सौंदर्य, उसका प्रकाश, पानी का उनकी ओर आकृष्ट होकर दौड़ पड़ना, इन्हीं सब विशेषताओं के चलते उन्हें देवत्व प्रदान किया गया है। उनकी प्रार्थना इस तरह से की गई है: राका देवी जिस तरह से भक्तों को धन और समृद्धि देती हैं, उसी तरह से प्रेम और बुद्धि भी। ऐसी सौभाग्यशालिनी राका देवी हम पर प्रसन्न होकर, सैकड़ों तरह के दानधर्म करने वाला और सभी के प्रशंसा का पात्र वीरपुत्र दें। ऐसी उनसे प्रार्थना है।

4. आपःअपो देवीरुप ह्वये यत्र गावः पिबन्ति नः। सिन्धुभ्यः कर्त्वं हविः।।पानी के अभाव में सृष्टि का टिक पाना मुमकिन नहीं है। इसलिए पानी को देवता के रूप में पूजना स्वाभाविक है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### शिक्षा का संकट

**कोरोना** के बाद से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा के कारण मोबाइल उपयोग की आदत पड़ गयी है। शिक्षा संस्थान बंद रखने के फैसले से अभिभावक खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि इसका बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। शहरी बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा से पढ़ पा रहे हैं लेकिन ग्रामीण बच्चों की हालत ठीक नहीं है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है।

**– राघव जैन, रांची**

### कस्तूरबा स्कूल

**कस्तूरबा** स्कूल निर्धन बच्चियों के लिये वरदान है। इनकी इच्छा भी उंची है। इन स्कूल का विस्तार होना चाहिए। गरीबी अगर बेहतर शिक्षा के माध्यम से दूर हो साथ-साथ सभी सामाजिक विकार को भी समाप्त करती है। सरकारी स्कूलों के शिक्षक से मेरी अपील है कि आप पूजा मत करें पाठ बंद कर दें लेकिन निर्धन बच्चों को पढ़ा दें, मेहनत ज्यादा लगेगा लेकिन आपका बच्चा भी सुरक्षित हो जाएगा।

**– अनिल,हजारीबाग**

# मध्यवर्गीय परिवारों को केंद्र से है आर्थिक मामलों में राहत की आस

**- प्रहलाद सबनानी**

## बजट 2024

भारतीय ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी सौंप दी। पिछले लगातार दो वर्षों के बजट में पूंजीगत खर्चों की ओर इस सरकार का विशेष ध्यान रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7.50 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था और वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस राशि में 33 प्रतिशत की राशि की भारी भरकम वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया गया था। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भी 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में केवल 11 प्रतिशत ही अधिक है। इस राशि को यदि 33 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया जा सकता है तो इसे कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास होना चाहिए अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए की राशि के स्थान पर 12.5 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान पूंजीगत खर्चों के लिए किया जाना चाहिए।

किसी भी देश की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि होना बहुत आवश्यक है और फिर भारत ने तो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर की रफ्तार को पकड़ा ही है। आर्थिक विकास की इस वृद्धि दर को बनाए रखने एवं इसे और अधिक आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करना ही चाहिए। आर्थिक विकास दर में तेजी के चलते देश में रोजगार के नए अवसर भी अधिक मात्रा में विकसित होते हैं। जिसकी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत को बहुत अधिक आवश्यकता भी है।

अब भारत में गरीबी की दर 8.5 प्रतिशत रह गई है जो वित्तीय वर्ष 2011-12 में 21.1 प्रतिशत थी। गरीबी की रेखा से बाहर आए इन नागरिकों एवं मध्यवर्गीय नागरिकों ने देश में उत्पादों की मांग में वृद्धि करने में अहम भूमिका निभाई है। साथ ही, कर संग्रहण में भी इस वर्ग ने महती भूमिका अदा की है।

आज प्रत्यक्ष कर संग्रहण लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता हुआ दिखाई दे रहा है तथा वस्तु एवं सेवा कर भी अब औसतन लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह से अधिक की राशि के संग्रहण के साथ आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया है तो सरकारी क्षेत्र के बैकों/उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित कर केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश उपलब्ध कराया है, जबकि कुछ वर्ष पूर्व तक केंद्र सरकार को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के घाटे की आपूर्ति हेतु इन बैकों को बजट में से भारी भरकम राशि उपलब्ध करानी होती थी।कुल मिलाकर इस आमूल चूल परिवर्तन से केंद्र सरकार के बजटीय घाटे में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। केंद्र सरकार का बजटीय घाटा कोविड महामारी के दौरान 8 प्रतिशत से अधिक हो गया था जो अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में घटकर 5.1 प्रतिशत तक नीचे आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, अब यह सिद्ध हो रहा है कि केंद्र सरकार ने न केवल अपने वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने में सफलता अर्जित की है बल्कि अपने खर्चों को भी नियंत्रित करने में सफलता पाई है।

पूंजीगत खर्चों में वृद्धि के साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा अपने बजट में मध्यवर्गीय नागरिकों को आय कर की राशि में छूट देने का प्रयास भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में किया जाना चाहिए। क्योंकि, प्रत्यक्ष कर संग्रहण में हो रही भारी भरकम 25 प्रतिशत की वृद्धि इसी वर्ग के प्रयासों के चलते सम्भव हो पा रही है। मध्यवर्गीय नागरिकों के हाथों में अधिक राशि पहुंचने का सीधा सीधा फायदा अर्थव्यवस्था को ही होता है।

# लोक मन्त्र को प्रखर और सार्वभौम बनाता खबर मन्त्र

**मुरलीधर**

## 12 वें साल में प्रवेश

**दैनिक** अखबार का प्रकाशन वर्तमान समय में चुनौतियों से भरा है। यह कोई व्यापार नहीं एक सम्मान और नैतिकता का विषय है। खबर मन्त्र अपने प्रकाशन के 12 वें साल में प्रवेश कर रहा है। एक दशक की पत्रकारिता में देश-दुनिया में बड़ें-बड़े परिवर्तन हुए है। इन परिवर्तनों का प्रभाव भी अखबार पर पड़ा है और यह वैश्विक प्रभाव है जिसका भारत और झारखंड भी प्रभावित है। इन चुनौतियों से सबसे बड़ी चुनौती निष्पक्ष और सही खबर देने की है। जिस प्रकार मीडिया के अन्य साधन, इलेक्ट्रानिक मीडिया सक्रिय हैं उससे यह साफ है कि हर पल चुनौती बढ़ती जा रही है। हर पल की खबरों से लबरेज वर्तमान समय के समाज में अपनी पैठ कायम रखना सहज नहीं है।

समाचार और विचार की प्रतिबद्धता पर तरह-तरह के दबाव है जिसे हम महसूस करते हुए एक संतुलन बनाये रखने का प्रयास करते हैं। विशेषकर कोराना काल और उसके बाद वैश्विक स्तर पर युद्ध और हिंसा से जो स्थितियां पैदा हुई है उसके बीच मीडिया की जबावदेही और समाचार संप्रेषण निश्चित तौर पर आसान नहीं है। लेकिन सबसे बड़ा संकट विश्वसनीयता का है। आज खबरों का प्रवाह हजारों में है जो विभिन्न श्रोतों से आते हैं। इसमें सही और सटीक समाचार की अपेक्षा पाठकों को रहती है। खबर मन्त्र लगातार प्रयास करता रहा है कि निष्पक्ष और संतुलित खबरों को पाठकों तक पहुंचाया जाए। झारखंड एक नक्सल प्रभावित और विविध समस्याओं से ग्रस्त राज्य है।

राज्य निमार्ण के बाद भी आज तक विकसित राज्य की श्रेणी में नहीं आ सका है। ऐसे राज्य में पत्रकारिता की जबावदेही और अधिक बढ़ जाती है। निश्चित ही राज्य बनने के बाद रांची से प्रकाशित होने वाले अखबारों में खबर मन्त्र ने अपना स्थान बनाया है। जन पक्षों को उजागर करना और उसे सरकार को आईना दिखाने का संतुलित और सच मार्ग आसान नहीं है। यह कई बार कठिन स्थितियों से गुजरता है और ऐसे में खबर मन्त्र हर स्थिति में खरा उतरा है। खबरों की संतुलित और सच प्रस्तुति सबसे बड़ी जबावदेही है और अपने प्रकाशन के 11 साल इस बात के परिचायक है कि अखबार की प्रतिबद्ध टीम ने उन मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता स्थापित की है जो आज लोकतंत्र के लिये अनिवार्य है। पूरा विश्व भारतीय लोकतंत्र को एक आशा की नजरों से देखता है। वहीं एक सौ चालीस करोड़ भारतीय की लोक मन्त्र को धार देने का काम भी अखबारों का ही है। युद्ध और हिंसा के वातावरण के अतिरिक्त देश के गांव खलिहान से लेकर राज्य के पठार पर्वतों और खनिज संपदा के संरक्षण में भी खबर मन्त्र ने अपनी खबरों और सूचनाओं के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत किया है। आम लोगों के छोटे-बड़ें हित और राज्य और वैश्विक स्तर पर आम लोगों को सही और सटीक सूचना, खबर, विचार देकर जो विश्वसनीयता हासिल की है उसे कोई नकार नहीं सकता। अखबार की दुनिया तेजी से बदल रही है। हर अखबार के आज वेबसाइट हैं उनके यू टूयूब चैनल हैं अब लोग समाचार के इंतजार में विश्वास नहीं रखते वे हल पल की खबर जानने का उत्सुक होते हैं। हर अखबार के न्यूज पोर्टल भी सक्रिय हैं। इस चुनौती के साथ ही कागज, कैमिकल और मानव संसाधन के पीछे भी खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। इस कारण भी आज अखबार के प्रकाशन का कोई भी हिम्मत नहीं कर पा रहा है। राष्टीय मीडिया के क्षेत्रिय स्वरूप पूरे प्रभाव के साथ अपना प्रभाव फैलाने में लगे हैं। इन स्थितियों को चुनौतीपूर्ण मानना ही होगा।

विज्ञापन, वितरण और प्रिंटिग की कठिनाई के बीच आम आदमी के हितों के लिये खड़ा रहना मीडिया विशेषकर समाचार पत्रों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मीडिया के भारी बदलाव और हजारों खबरों के होड़ के बीच भी समाचार पत्र का अस्तित्व बना हुआ है और आगे भी एक जिम्मेवार तंत्र के रुप में इसे स्वीकार किया जाता है। यह स्वीकार्यता विगत नौ साल में खबर मन्त्र ने हासिल किया है। आज भी राज्य के समाचार और देश-दुनिया के विचार को लेकर अपना स्थान बनाचुका है। खबर मन्त्र का प्रबंधन, संवाद संकलन, वितरण, मुद्रण, विज्ञापन और संपादकीय टीम प्रतिबद्ध है मूल्यों के साथ पत्रकारिता के लिये।

# खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं








झारखंड के लोकप्रिय अख़बार खबर मंत्र के 11 वां स्थापना दिवस के मौके पर धनबाद लोकसभा के सभी निवासियों को हार्दिक शुभकामनायें

## दुल्लु महतो

सांसद

धनबाद लोकसभा क्षेत्र



## खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



## चंद्रशेखर अग्रवाल

पूर्व मेयर

राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है, अंत्योदय लक्ष, और एकात्मक मानववाद हमारा दर्शन है।

खबर मन्त्र के 11वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ




## संजय कुमार झा

जिला उपाध्यक्ष भाजपा, धनबाद महानगर




हिंदी दैनिक अखबार खबर मन्त्र के वर्षगांठ के मौके पर खबर मन्त्र परिवार को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



## डॉ. राजेश दत्त

निदेशक

दयानन्द आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कदरी मोड़ मांडर

एवं दयानन्द आर्य विद्या पब्लिक स्कूल, कमड़े, रवि स्टील रांची






स्पीड न्यूज

## टीएमएच हेल्दी हब के शुभारंभ के लिए तैयार

**जमशेदपुर।** टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) अपने परिसर में हेल्दी हब के शुभारंभ के लिए पूरी तरह तैयार है, जो टीएमएच में सभी लोगों के लिए स्वस्थ भोजन के विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा। यह टीएमएच की सभी लोगों के लिए स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। हेल्दी हब का भव्य उद्घाटन गुरुवार, 11 जुलाई, 2024 को शाम 5 बजे होगा। हेल्दी हब टीएमएच के ग्राउंड फ्लोर पर फामेर्सी काउंटर के ठीक सामने ओपीडी कॉम्प्लेक्स में स्थित है। 2018 में स्थापित जमशेदपुर का एक प्रसिद्ध संस्थान हेल्दी हब अपने स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन और पेय पदार्थों के लिए जाना जाता है। स्वस्थ भोजन सबसे महत्वपूर्ण और सबसे अच्छी चीजों में से एक है जो कोई भी व्यक्ति अपनी कई स्वास्थ्य समस्याओं जैसे हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कई अन्य जीवनशैली संबंधी बीमारियों को रोकने और नियंत्रित करने के लिए कर सकता है। टीएमएच में हेल्दी हब के खुलने से, रोगियों, कर्मचारियों और आगंतुकों को फलों के कॉकटेल, स्नैक्स, स्प्राउट्स, उबले अंडे, सलाद और सैंडविच सहित कई तरह के स्वस्थ विकल्प उपलब्ध होंगे।

## डेंगू रोकथाम के लिए एंटी लार्वा स्प्रे /कॉल्ड फागिंग टीम तैयार

**जमशेदपुर।** डेंगू के रोकथाम के लिए मानगो नगर निगम ने आज सुबह 10 स्प्रे मशीनों के साथ टीम को तैयार कर नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में कोल्ड फोगिंग के छिड़काव हेतु रवाना किया।स्प्रे मशीन से छिड़काव करने वाले कर्मियों को रोस्टर वाइज, वार्ड वाइज चिन्हित छेत्रों में स्प्रे करने का निर्देश दिया गया। उलीडीह, आजाद नगर, डिमना रोड आदि क्षेत्रों में छिड़काव किया गया। डेंगू को ले कर नगर निगम के लोगो को भी जागरूक रहने का अपील की गयी। काफी दिनों से जमा पानी को फेंकने एवं अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सफाई रखने का अपील किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक, सीएमएम, सफाई पर्यवेक्षक, सफाई कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## जादूगोड़ा में जादूगोड़ा पुलिस का अभियान

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने राखा कॉपर से सटे उपर रूआम में अवैध महुआ भट्ठी के खिलाफ चलाया अभियान चलाया। इस अभियान में ग्रामीणों की शिकायत में क्षेत्र में चल रहे छह अवैध महुआ भट्ठी को तोड़ जमींदोज कर की गयी। पुलिस की अब तक की बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस की इस कारवाई के बाद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में चल अवैध महुआ दारू माफियाओं में हड़कंभ मच गया है। इस अभियान की अगुवाई जादूगोड़ा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार व सब इंस्पेक्टर प्रीतम राज समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने की।इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि 500 केजी महुआ जब्त कर थाना लाया गया है। इस छापामारी अभियान के दौरान सभी आरोपी भागने में सफल रहे।

## पुण्यतिथि पर याद की गयीं मन्ना देवी

**उंटारी रोड, पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सिडहा गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव की मां व जे पी यादव की धर्मपत्नी स्व मन्ना देवी की दसवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि पर मन्ना देवी के पुत्र शिक्षक विजय यादव ने सैकड़ो गरीब असहाय लोगों के बीच अंग वस्त्र व खाद्य सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम स्थल पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## बैजनाथ राम के मंत्री बननने पर मना जश्न

**नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)।** झारखंड में झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार में अनुसूचित जाति के विधायक बैजनाथ राम को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का मंत्री बनाया गया है। साथ ही उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का मंत्री बनाए जाने पर कांग्रेसियो ने लेस्लीगंज गांधी चौक और मंजार चौक पर सोमवार को जमकर आतिशबाजी की।

# संथाल के बाद अब कोल्हान की डेमोग्राफी बदल रहे बंगलादेशी घुसपैठिये : अमर बाउरी

- अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में जुगसलाई विधानसभा के कार्यकर्ताओं को भाजपा ने किया सम्मानित
- नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का किया आह्वान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा बुधवार को सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में एमजीएम मंडल क्षेत्र के एन एच 33 स्थित डॉल्फिन क्लब एंड रिसॉर्ट, डांगा में आयोजित अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत महतो मुख्यरूप से शामिल हुए। समारोह के दौरान लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समिति के कार्यकताओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में सबसे अधिक मत प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जुगसलाई विधानसभा के आठ मंडलों से छह बूथों के अध्यक्ष एवं समिति के साथ विधानसभा स्तर पर दस बूथों के अध्यक्ष एवं उनकी समिति के सदस्यों को सम्मानित कर आभार जताया गया। अतिथियों का स्वागत संबोधन करते हुए जिलाध्यक्ष सह कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक सुधांशु ओझा ने लोकसभा चुनाव में सांसद बिद्युत महतो की बड़ी जीत के लिए जुगसलाई विस के सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के प्रति आभार जताया और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बूथ मजबूती पर जोर देने का आह्वान किया।



विजय संकल्प सभा को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी।

अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सभी कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव में जुगसलाई विधानसभा में बड़ी लीड के साथ चुनाव जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आसन्न विधानसभा चुनाव में अपने-अपने बूथ को जीतने के लिए कमर कसने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के एक-एक बूथ पर भाजपा की जीत हो और हर बूथ में बड़ी बढ़त मिले, इसे लेकर अभी से ही हम सभी कार्यकर्ताओं को जुट जाना होगा। लोस चुनाव के दौरान जुगसलाई विधानसभा में पार्टी को अच्छी बढ़त मिली थी, यह बढ़त और बढ़े, इसके लिए हम सबको उत्साह के साथ काम करना होगा।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने राज्य में बदलते डेमोग्राफी पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के विभिन्न जिलों में बंगलादेशी घुसपैठ से जिले की डेमोग्राफी बदल रही है। आज सिर्फ संथाल ही नही बल्कि कोल्हान का का क्षेत्र भी इससे अछूता नही है। जिले की बदलती डेमोग्राफी पर स्पेशल ब्रांच के साथ झारखंड हाइकोर्ट ने भी घुसपैठ को जटिल समस्या मानकर राज्य सरकार को इसपर निर्देश देते हुए घुसपैठियों पर ब्रेक लगाने को कहा है। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार को भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार करार दिया। कहा कि मात्र 2 महीने के लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार सिर्फ अपने भ्रष्टाचार के साक्ष्यों को मिटाने के लिए बनी है, इससे हेमंत सोरेन का कुर्सी प्रेम भी उजागर हुआ है। अमर बाउरी ने कहा कि सरकार लोगों को पेंशन देने का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन 4 महीने से बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिली। राज्य सरकार मुफ्त राशन की बात करती है, लेकिन बीते 11 महीने से ग्रीन कार्ड होल्डर को राशन नहीं मिला है।

उन्होंने ध्वस्त कानून व्यवस्था पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की ढुलमुल नीति एवं उदासीनता से पूरे राज्य में अपराधियों के मंसूबे सातवें आसमान पर हैं। इस सरकार में राज्य की जनता, जज, डॉक्टर, पुलिस, पत्रकार, जनप्रतिनिधि, वकील, व्यापारी, महिला, युवा, किसान, दलित, आदिवासी कोई भी सुरक्षित नही रहा। राज्य सरकार की नियुक्तियों में भारी धांधली और भ्रष्टाचार की गई। सरकार ने युवाओं से बड़े वादे कर अब तक उन्हें ठगने का ही काम किया है। अमर बाउरी ने सभी कार्यकताओं से विधानसभा चुनाव में ऐसी निरंकुश और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने और जुगसलाई समेत जमशेदपुर लोकसभा की सभी छह सीटों पर विजयी कमल खिलाने के आह्वान किया। वहीं, जमशेदपुर के सांसद बिद्युत महतो ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से भारी मतों से विजयी प्राप्त करने पर सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

# चांडिल : ठनका की चपेट में आये छह ग्रामीणों में से तीन की मौत







मृतका सुभद्रा माझी और मृत 10 वर्षीय वीरेश माझी।

**खबर मन्त्र टीम**

**जमशेदपुर/ चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल थाना क्षेत्र में बुधवार किस अचानक आई बारिश में भादुडीह फुटबॉल मैदान में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को एमजीएम अस्पताल,जमशेदपुर में भर्ती कराया गया है। इनमें सुभद्रा माझी 35 वर्ष, बिजरेश माझी 8 वर्ष और सुकु मार्डी 28 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 48 वर्षीय सुगी मुर्मू, 46 वर्षीय इंद्रजीत सिंह और 35 वर्षीय गुरु पद सिंह गंभीर रूप से घायल हैं। ठनका की चपेट में आये सभी लोग हमसादा गांव के निवासी हैं।





एमजीएम अस्पताल में भर्ती घायल को देखते सुखराम हेंब्रम और अन्य जनप्रतिनिधि।

ग्रामीण एवं चांडिल के नामी सामाजिक कार्यकर्ता सुखराम हेम्ब्रम ने बताया कि आज भादुडीह फुटबॉल मैदान के पास सभी लोग जानवर चराने गये थे। तभी अचानक आई बारिश से बचने के लिए फुटबॉल मैदान में लगे एक तंबू में घुस आये। इसी तंबू पर ठनका आ गिरा जिसकी चपेट में सभी चरवाहे लोग आ गये और बेहोश हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही समाजसेवी, झारखंड आंदोलनकारी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम एमजीएम अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना।

## एक नजर में

### सरायकेला एसपी ने किया कांड्रा थाना का निरीक्षण



**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के नव पदस्थापित एसपी मुकेश कुमार लुणायत द्वारा बुधवार को कांड्रा थाना का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से थाना क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी ली। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरायकेला-खरसावां जिले के लोगों को एक मित्रवत, उत्तरदायी, कर्मशील एवं त्वरित कार्रवाई करने वाला पुलिसिंग उपलब्ध कराना है, ताकि आम जनता एवं पुलिस के बीच की दूरी को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता समाज को अपराध मुक्त बनाना है। अलग-अलग थाना क्षेत्र में अलग-अलग अपराध से संबंधित आंकड़े होंगे, उन सभी अपराधों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता है।उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित गति से उद्भेदन व निपटारा करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ने कांड्रा थाना में हुए अपराध नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, विधि- व्यवस्था संधारण, अवैध मादक पदार्थों की खरीद- बिक्री आदि पर रोकथाम तथा लंबित काण्ड, वारंट, कुर्की व इश्तेहार के निष्पादन की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया।

### जम्मू कश्मीर के कठुआ में शहीद हुए वीरों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** 8 जुलाई 2024 को आतंकवादियों के द्वारा किए गए कायराना हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को आज पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पूर्वी सिंहभूम के सदस्यों के द्वारा भुइयांडीह स्थित अपने संगठन के कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर शहीदों की गाथाओं को याद करते हुए देश में सेना की स्थिति पर चर्चा की गई। संगठन के सदस्यों ने वीरों की आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा। वेटरन सुशील सिंह के अगुवाई में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संगठन महामंत्री दिनेश कुमार सिंह, राजीव रंजन, सतनाम सिंह, उत्पल सिन्हा, शेख अनवर, अजय सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र मौर्य, राजेश कुमार, महेश यादव, विवेक कुमार, सुब्रतो सरकार, विजय सिंह अजय गुप्ता तथा हरेन्दु शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

### बस्ती यूथ प्रीमियर फुटबॉल लीग सोनारी क्रिश्चयन मैदान में कल से

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में बिरसा युवा मंच के संस्थापक राजीव रंजन सिंह (सेवानिवृत आईपीएस सह भाजपा नेता) के नेतृत्व में बिरसा युवा मंच ने जमशेदपुर के पश्चिमी विस क्षेत्र के बस्ती के युवाओं के लिए पहली बार बस्ती यूथ प्रीमियर लीग के नाम से एक भव्य तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सोनारी एयरपोर्ट के सामने स्थित क्रिस्टियन मैदान में किया जा रहा है। टूर्नामिंट का उद्घाटन सत्र दिनांक 12 जुलाई शुक्रवार को संध्या 3 :30 एवं इस टूर्नामेंट का समापन 14 जुलाई को संध्या 4 बजे किया जायेगा। इस टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेला जायेगा एवं लगभग 250 खिलाड़ी भाग लेंगे। जितने वाले एवं रनरअप को उचित प्राइज भी दिया जायेगा। इस टूर्नामेंट में कोई रजिस्टर्ड खिलाड़ी भाग नहीं लेंगे। राजीव रंजन सिंह ने फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन के संबंध में आज अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं पोस्टर विमोचन कर बताया कि बस्ती के नवजवानों में खेल भावना को जागृत करने एवं साथ ही साथ नौजवानों में नशा की प्रवृत्ति को खत्म करने के उद्देश्य से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के संबंध में इन्होंने आगे बताया कि कदमा, सोनारी, मानगो, बिस्टुपुर में रहने वाले बस्तियों से कुल 16 टीम चयनित किया गया है, जो इस टूर्नामेंट भाग लेंगे। इसमें बिरसा युवा मंच के सचिव बलविंदर सिंह कलसी, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह, सहयोगी यशवीर सिंह, विश्वजीत सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप लाल, निर्मल, मूलचंद, आदित्य व अन्य सम्मिलित थे।

# श्रम अधिकारों पर हमले और निजीकरण के खिलाफ सीटू ने मांग दिवस मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार की कॉरपोरेट पक्षीय नीतियों के साथ साथ महंगाई एवं बेरोजगारी के कारण आम जनता के जीवन और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव तथा देशहित विरोधी सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण के विरुद्ध भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) द्वारा 10 जुलाई-2024 को देशव्यापी मांग दिवस मनाया गया। इस अखिल भारतीय कार्यक्रम के तहत आज जमशेदपुर में भी सीटू की कोल्हान कमिटी द्वारा, रैली और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया तथा एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री और श्रम मंत्री को संबोधित करते हुए उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में 4 लेबर कोड को रद्द करने, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण को रोकने, 26,000 रुपये का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन और कर्मचारी पेंशन योजना के तहत 10,000 रुपये पेंशन सुनिश्चित करने, सभी असंगठित श्रमिकों, ठेका कर्मचारियों, गिग और अनौपचारिक श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, कानूनी सुरक्षा तथा समान काम के लिए समान वेतन, पुरानी पेंशन योजना बहाल, सभी के लिए रोजगार, रिक्त पदों अविलंब नियुक्ति तथा शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# कैरेज कॉलोनी मैदान में युवक की गोली मार कर हत्या, हुआ हंगामा



मृतक शुभम (फाइल फोटो)।



बर्मामाइंस थाना घेराव करने पहुंचे परिजन।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस कैरेज कॉलोनी मैदान में अपराधियों के बीच हुए विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। मृतक शुभम कुमार है, जो बर्मामाइंस ईस्ट प्लांट बस्ती का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार, कैरेज कॉलोनी फुटबॉल मैदान के पास शुभम अपने साथी सागर, पवन और सलिल के साथ शराब पी रहा था। इसी बीच उन लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच सलिल ने अपने पास से पिस्तौल निकाली और उसके सिर में सटाकर गोली मार दी, जिससे वह वहीं गिर गया। उसको लहूलुहान हालत में छोड़कर सारे युवक भाग निकले। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने उसको उठाया और टाटा मुख्य अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्स्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिर में गोली लगी थी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस घटना में शामिल युवकों की पहचान कर गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।

# मुख्यमंत्री बदल रहे हैं, लेकिन राज्य के हालात नहीं बदल रहे हैं : सहिस

- बोड़ाम प्रखंड पर आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को आजसू पार्टी बोडाम प्रखंड कार्यालय पर आजसू पार्टी का एकदिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस उपस्थित थे। सहिस ने कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। एक तरफ बेरोजगार युवा रोजगार के लिए भटक रहे है तों सरकारी दफ्तर मे ताला लटक रहे हैं, और विधायक व मंत्री मलाई घटक रहे हैं। रोजगार के अवसर नहीं बेरोजगार सड़क पर उतर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमराई हुई है, और इन सारे विषयो के इतर राज्य के मंत्री विधायक विकास का पैमाना अखबारो की सुर्खिया बटोरने मे मशगुल हैं। आदिवसी -मूलवासी के विचारो के साथ खिलवाड़ कर सत्ताधारी दल अपने मूल विषयों से हटकर राज्य की खनिज सम्पदा लूट रहे हैं।



बारिश के बीच कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व मंत्री सहिस।

# वृद्ध विधवा ने सोनारी थाना में लगायी कार्रवाई की गुहार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना अंतर्गत पंचवटी नगर शिव मंदिर रोड के पास रहने वाली 65 वर्षीय विधवा राधा देवी ने अपनी विधवा भौजाई और उनके संतान पर बुरी तरह मारपीट की है जिसे घायल अवस्था में एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संदर्भ में पीड़ित महिला ने सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड की अध्यक्षा रानी गुप्ता से संपर्क साधा और न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद मामला सोनारी थाना पहुंचा और विधवा राधा देवी ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़िता राधा देवी का कहना है कि उसकी उम्र लगभग 65 वर्ष है। पति स्वर्गीय रमेश प्रसाद पता पंचवटी नगर सोनरी नियर शिव मंदिर में रोड थाना सोनारी के रहने वाली हूं मेरी बेटी की शादी के बाद मैं अकेले रह गई मेरी देख देख करने वाला कोई नहीं है इसलिए मेरी बेटी पूजा कुमारी एवं दामाद निलेश कुमार मेरे साथ ही रहते हैं। मेरे पिताजी जब जिंदा थे।

# जनहित में काम करते हैं जनप्रतिनिधि, उनकी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करे जिला प्रशासन : मंगल कालिंदी



सेमिनार का उद्घाटन करते विधायक मंगल कालिंदी, जिप अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, डीसी, डीडीसी व अन्य।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यहां रविंद्र भवन सभागार, साकची में ग्राम पंचायत मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ कल्याणकारी योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विधायक, जुगसलाई मंगल कालिंदी, उपायुक्त अनन्य मित्तल, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पी.डी- आई.टी.डी.ए श्री दीपांकर चौधरी दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मौके पर विधायक, जुगसलाई मंगल कालिंदी ने कहा कि राज्य सरकार पीएम आवास से वंचित लोगों के लिए अबुआ आवास योजना लाई है, सही लाभुक तक योजना का लाभ पहुंचे यह सुनिश्चित करायें। राशन वितरण में तय मात्रा से कम वितरण के मामले पर त्वरित कार्रवाई हो। जनहित में जनप्रतिनधियों की शिकायत पर प्रखंड प्रशासन गंभीरता से कार्रवाई करे। राज्य सरकार संवेदनशीलता से कार्य कर रही है, सभी वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई है विशेषकर 200 यूनिट फ्री बिजली, 21-50 वर्ष की महिलाओं के लिए 1000 रू की प्रोत्साहन राशि का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों को योजना से जोड़ने में सभी की जिम्मेवारी है, जनप्रतिनिधि इसपर ध्यान दें।

## पेज एक का शेष

### कल 1500 पीजीटी...

सरकार के इस फैसले से नियुक्ति पत्र की राह तक रहे सफल अभ्यर्थी बेहद खुश हैं। वहीं दूसरी तरफ नियुक्ति के लिए हुई परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए सीबीआइ जांच की मांग को लेकर आंदोलनरत अभ्यर्थी नाराज हैं। इन अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा में धांधली हुई है.,इसलिए सीबीआई से इसकी जांच होनी चाहिए।

### झारखंड विस चुनाव...

**मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा। मतदाता सूची में शामिल वोटर्स विधानसभा चुनाव में वोट कर सकेंगे। इसे अंतिम रूप देने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया चल रही है।

### तीन दिनी बैठक ...

इसे सभी शाखाओ में प्रारंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रांत प्रचारक पूर्ण रूप से आरएसएस कार्यकर्ता होते हैं। जो इसके 46 प्रांतों या संगठनात्मक प्रांतों के प्रभारी होते हैं। बैठक में देशभर से आये प्रचारक आने वाले वर्ष के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा करेंगे। दिल्ली से सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार ठाकुर, चंडीगढ़ से प्रदीप जोशी और उत्तर पूर्व क्षेत्र के संघ चालक देवव्रत पाहन भी मौके पर मौजूद थे। अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, संयुक्त महासचिव कृष्ण गोपाल, सीआर मुकुंदा, अरुण कुमार, राम दत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित अखिल भारतीय कार्यसमिति के सभी सदस्य, प्रचारक प्रमुख, क्षेत्र प्रचारक और सभी प्रांत प्रचारक मुख्य रूप से भागीदारी निभायेंगे।

# खबर मन्त्र के स्थापना दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

PASA
Business With Bonding
Building Solutions • Distribution • Logistics
Brands we deal in

TISCOBUILD — Comfort Blocks
SafeBUILD — Pre-Engineered Buildings
Sm@rtFAB — Welded Wire Fabric
Dhurvi Gold — Soil Conditioner
TATA PRAVESH — Doors & Windows
NUVOCO — Cement
nest-In — Modular Construction Solutions
EZYBUILD SOLUTIONS — Light Gauge Structural Steel
TATA COLOURS — Paint Products
TISCON ULTIMA — GFX Coated Stirrups
TATA WIRON — Binding Wires
TATA TISCON JOY OF BUILDING — Construction Rebars
TATA SHAKTEE | TATA WAMA — GC Sheets
TATA AGRICO — Agricultural Implements
durashine TATA BLUESCOPE STEEL — Wall Cladding & Roofing Sheets
Galvano Value Redefined — Galvanised Plain Sheets
TATA Steelium CR Sheets and Coils — Cold Rolled Sheets
SMARTBUILD — Trusses & Frames
TATA KOSH — Galvanised Plain Steel
LYSAGHT — Roofing, Walling & Structural Decking System
TISCON SUPERLINKS — Construction Stirrups
TATA astrum SUPER HR SHEETS — Hot Rolled Coils & Sheets
TISCON READYBUILD — Cut & Bend Solutions

Pasa Resources Pvt. Ltd. | Pasa Associates Pvt. Ltd. | Pasa (India) Pvt. Ltd
Pasa House, Circular Road, Lalpur, Ranchi : 834001, India
Phone : 91-651-2560601/801 | Mob : 91-9234482133 | Fax : 91-651-2561315
E-mail : mail@pasahouse.com | Website : www.pasahouse.com
Present in Jharkhand, Bihar and Chhattisgarh
RDPL

जितना कठिन संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी
जल्द नामांकन लें 100% सफलता की गारंटी !
HR ACADEMY
No. 1 Institute for All Competitive Exam.
JPSC BPSC UPSC
JTET SSC CTET रेलवे शिक्षक BANK KVS दारोगा NET पॉलिटेक्निक
HR SIR
Online | Offline Classes are Available
POLICE LINE, J.C. MALLICK ROAD
जगदम्बा दुर्गा मंदिर के पीछे, धनबाद
8709230065 ,8102400300

खबर मंत्र के स्थापना दिवस पर कतरास व बाघमारा के सभी नागरिकों व श्रमिकों को हार्दिक शुभकामनायें



अशोक प्रकाश लाल
उपाध्यक्ष, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी सह प्रदेश सचिव, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (INTUC)
9525516999

खबर मंत्र अखबार के स्थापना दिवस पर सभी श्रमिकों को हार्दिक शुभकामनायें



उमेश कुमार
कतरास एरिया 4
डाटा ऑपरेटर

आत्मनिर्भर कृषि आत्मनिर्भर भारत
IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व
Wholly owned by Cooperatives
सहकार से समृद्धि

IFFCO NANO UREA PLUS
NANO FERTILISER FCO Approved नैनो उर्वरक
Price Rs 225/- Per Bottle

फसल उपज एवं गुणवत्ता मे वृद्धि
पारंपरिक यूरिया से सस्ता
मिट्टी-जल-वायु प्रदूषण रहित
भंडारण एवं परिवहन मे सुविधा
जैव-सुरक्षित एवं पर्यावरण हितैषी
कीट व बीमारियों का प्रकोप कम

ड्रोन से छिड़काव हेतु संपर्क करें
महेश कुमार - 8539016009/7991153881
श्रवण कुमार - 8271212700/9304482563

अब इफको नैनो फर्टिलाइजर पर भी "संकट हरण बीमा" उपलब्ध
अधिक जानकारी व खरीदने हेतु
इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड, एम-1 डी/एस
हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची, झारखण्ड - 834002

वेबसाइट: www.nanourea.in
ऑनलाइनखरीदनेहेतु: www.iffcobazar.in
ग्राहकसेवाहेल्पलाइननंबर(टोलफ्री): 18001031967
'इफको किसान उदय' मोबाइल एप डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें।

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
### झारखण्ड सरकार

# 1500 PGT शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण

### सूचना

**स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों (PGT)** के अनुशंसित 07 विषयों यथा; **हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित एवं इतिहास** विषय में सफल अभ्यर्थियों को **नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम, 12 जुलाई 2024** को **प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची** में निर्धारित है। सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं स्थल पर प्रात: 09 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार**

PRNO 329278 (IPRD) 24-25